आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com Web: www.tarunchhattisgarh.in

■ रायपुर, बुधवार 4 अक्टूबर 2023 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-187 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 05 अक्टूबर 2023 ₹ 1.00

## भाजपा नगरनार का निजीकरण चाह रही: खरगे




**रायगढ़.4 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

रायगढ़ के कोड़ातराई में आयोजित भरोसे के सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि भाजपा नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण चाह रही है। हम इसका विरोध कर रहे हैं। खरगे ने कहा, मोदी जी हमेशा झूठ बोलते हैं. वे झूठों के सरदार हैं. छत्तीसगढ़ में धान खरीदने की बात कहते हैं. 15-15 लाख देने की बात कही थी, किसी को मिला क्या. 2 करोड़ नौकरी किसी को नहीं मिला. किसानों की आमदनी भी दोगुनी नहीं हुई. प्रधानमंत्री मोदी यहां आते हैं तो जल, जंगल, जमीन के बारे में कुछ नहीं बोलते सिर्फ छत्तीसगढ़ की सरकार को गालियां देते हैं.

मोदी दिल्ली से लेकर गली तक घूम रहे हैं। मोदी जिन राज्यों में जा रहे हैं वहां भाजपा हार रही है। खरगे ने कहा कि छग सरकार बेहतर काम कर रही है। जनता भाजपा को पसंद नहीं कर रही है। जनमानस कांग्रेस के पक्ष में है।

खरगे ने कहा, मोदी जी कहते हैं छत्तीसगढ़ में करप्शन है. 15 साल में भाजपा ने क्या किया. धान खरीदी की लिमिट से भी ज्यादा खरीदी भूपेश सरकार ने की. भूपेश सरकार में छत्तीसगढ़ के लोगों की आमदनी बढ़ी है. छत्तीसगढ़ में पांच साल में 40 लाख लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं. केंद्र सरकार जो कहती है उससे कहीं ज्यादा आगे जाकर छत्तीसगढ़ सरकार करती है. मोदीजी को इसकी प्रशंसा करनी चाहिए. खरगे ने कहा, दो लोग ही केंद्र सरकार चलाते हैं. एक हैं मोदीजी और दूसरा अमित शाह हैं. दूसरे राज्य के मुख्यमंत्रियों को धमती देते हैं. मेरी बात



कोड़ातराई में भरोसे का सम्मेलन

नहीं सुनोगे तो ईडी और आईटी को लगाने की बात कहते हैं. मोदी जी तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ मेघालय जाते हैं और झूठ बोलकर आते हैं. मोदीजी झूठों के सरदार हैं. ज्यादा से ज्यादा लोगों को बेरोजगार रखना, लोगों को सताना भाजपा की गारंटी है. केंद्र से पैसा आए या न आए, भूपेश बघेल अपना काम कर रहे. मनरेगा से लाखों लोगों को काम मिल रहा.

### हमेशा झूठ बोलकर जाते हैं पीएम: भूपेश

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के कोड़ातराई में आयोजित भरोसे के सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शामिल हुए. खड़गे ने प्रदेश के 82 चयनित विकासखंडों में बनने वाले जैतखाम का शिलान्यास किया. इसके अलावा सरकार की योजनाओं के 3088 हितग्राहियों को 9 करोड़ 8 लाख 35 हजार रुपए की सामग्री और सहायता राशि वितरित की.सभा को संबोधित करते हुए सीएम भूपेश बघेल ने कहा, रायपुर, रायगढ़ और जगदलपुर में मोदी जी झूठ बोलकर गए. प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ आके लबारी और झूठ बोलके जाते हैं। मोदी हा धान खरीदी, गोबर खरीदी, पीएसएसी, नगरनार सब बर झूठ बोला थे. केंद्र सरकार धान खरीदती है तो इससे बड़ा झूठ क्या हो सकता है. अगर वो धान खरीदते हैं तो जब डबल इंजन की सरकार थी तो बोनस बंद क्यों किया गया. **उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल** द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, सांसद बस्तर दीपक बैज, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार उपस्थित रहे।

## प्रदेश में डेढ़ लाख से ज्यादा दिव्यांग वोटर

■ मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

■ 2 करोड़ से ज्यादा मतदाता

**रायपुर,4 अक्टूबर।** आगामी विधानसभा चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद छत्तीसगढ़ की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो गया है. अंतिम मतदाता सूची के हिसाब से प्रदेश में कुल 2 करोड़ 3 लाख 60 हजार 240 मतदाता हैं, जिनमें से दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1 लाख 60 हजार 55 है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने छत्तीसगढ़ की अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी. प्रदेश के कुल 2 करोड़ 3 लाख 60 हजार 240 मतदाताओं में पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 12 लाख 830 और महिला मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 2 लाख 39 हजार है. मुख्य निर्वाचन




पदाधिकारी ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची के लिए एक अगस्त से डोर टू डोर कैंपेन शुरू किया गया था. 2 अगस्त से 11 सितंबर तक दावा-आपत्ति ली गई, जिसके बाद आज 24,109 पोलिंग बूथ पर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन हुआ है. सीईओ छत्तीसगढ़ की वेबसाइट पर कोई भी मतदाता जानकारी हासिल कर सकता है.

रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि 18 से 19 वर्ष के 7 लाख 23 हजार 771 ऐसे मतदाता होंगे, जो पहली बार मतदाता का अधिकार हासिल किए हैं. 2018 के बाद से 18 लाख 68 हजार 636 नए मतदाता पहली बार वोट डालेंगे. वहीं वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या 1 लाख 86 हजार 215 है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रदेश में सर्विस वोटर की संख्या 19 हजार 839 दर्ज की गई है. 2 लाख 90 हजार 874 नामों का मतदाता सूची से विलोपन हुआ है. वहीं 17 लाख ई एपिक कार्ड का वितरण किया जा चुका है.

## सिक्किम में बादल फटा, सेना के 23 जवान लापता

**नई दिल्ली,4 अक्टूबर।** सिक्किम में बादल फटने से तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई है. मिल रही जानकारी के अनुसार घटना उत्तरी सिक्किम की है. अभी तक मिल रही जानकारी के अनुसार भी टूट गईं हैं. साथ ही नदी के बढ़े जलस्तर की वजह से सेना के 20 से अधिक जवान भी लापता बताए जा रहे हैं. सेना ने लापता हुए जवानों की तलाश के लिए राहत और बचाव अभियान



बादल भटने और तीस्ता नदी में आए उफान की वजह से कई जगहों पर सड़कें भी टूट गईं हैं. साथ ही नदी के बढ़े जलस्तर की वजह से सेना के 20 से अधिक जवान भी लापता बताए जा रहे हैं. नई दिल्ली- सिक्किम में बादल फटने से तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई है. मिल रही जानकारी के अनुसार घटना उत्तरी सिक्किम की है. अभी तक मिल रही जानकारी के अनुसार बादल भटने और तीस्ता नदी में आए उफान की वजह से कई जगहों पर सड़कें शुरू कर दिया है. तीस्ता नदी में बाढ़ आने की मुख्य वजह चुंगथांग बांध से पानी छोड़ने को बताया जा रहा है. तीस्ता नदी में आए बाढ़ की वजह से एनएच 10 का एक बड़ा हिस्सा भी टूट गया है. बता दें कि एनएच 10 के कुछ हिस्सों के टूटने की वजह से सिक्किम की राजधानी गैंगटोक का देश के बाकि हिस्सों से संपर्क टूट गया है.

सेना से जुड़े सूत्रों के अनुसार तीस्ता नदी के जलस्तर में एकाएक हुई बढ़ोतरी की वजह से सेना की कई गाड़ियां उसकी चपेट में आए गए. बताया जा रहा है कि तीस्ता नदी का जलस्तर कुछ ही मिनट में 15 से 20 फीट तक बढ़ गया है. इस वजह से सेना की गाड़िया उसकी चेपट में आ गईं. गौरतलब है कि मौसम विभाग की ओर से कहा गया है कि आज (बुधवार) सुबह राज्य के ताडोंग (पूर्वी सिक्किम) में 30.0 मिमी; रावंगला (दक्षिण सिक्किम) में 52.0 मिमी; मंगा गीजगि (पश्चिम सिक्किम) में 39.5 मिमी; युकसोम (पश्चिम सिक्किम) में 26.5 मिमी; सोरेंग (पश्चिम सिक्किम) में 84.0 मिमी;नामची (दक्षिण सिक्किम) में 98.0 मिमी और नामथांग (दक्षिण सिक्किम) 90.5 मिमी में बारिश देखी गई. जहां तक सिक्किम में मौसम पूर्वानुमान का सवाल है, सिक्किम में अगले 3-4 दिनों के दौरान हल्की से मध्यम वर्षा होने की उम्मीद है. इधर, खबर है कि सिक्किम में बादल फटने से 20 से अधिक जवान लापता हो गए हैं.

## पेड़ से टकराई बस 12 यात्री घायल

**कोरबा,4 अक्टूबर।** जिले में आत एक यात्री बस हादसे का शिकार हो गया, जिसमें 12 यात्री घायल हुए हैं. वहीं हेल्पर को गंभीर चोट आई है. यह हादसा कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिंझरा



में हुआ. घायलों को एंबुलेंस से कटघोरा अस्पताल लाया गया, जहां सभी का इलाज चल रहा. मिली जानकारी के मुताबिक, सामने आ रहे ट्रेलर और बाइक के आने से कोरबा से पेंड्रा जाने वाली बस सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में 12 यात्री घायल हुए हैं. वहीं बाइक सवार भी घायल है. स्थानीय लोगों ने डायल 112 को हादसे की सूचना दी. इसके बाद डायल 112 व कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कटघोरा अस्पताल लाया.

## छत्तीसगढ़ में घटा क्राइम रेट: गृहमंत्री

**रायपुर,4 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़, राजस्थान में अपराध को लेकर चल रहे स्पर्धा वाले पीएम मोदी के बयान पर गृहमंत्री ताम्रध्वज ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी छत्तीसगढ़ आते हैं झूठ परोसकर जाते हैं. राजस्थान और छत्तीसगढ़





कांग्रेस शासित राज्य है, इसलिए वे कुछ भी अनर्गल दुष्प्रचार करते हैं. मंत्री साहू ने कहा, छत्तीसगढ़ में लॉयन ऑर्डर की स्थिति सही है. यहां अपराध पर पूरी तरह से काबू पाया गया है. क्राइम रिकवरी रेट हमारा 99% है. यहां की जनता संतुष्ट है. यहां किसी भी तरह की प्रतिस्पर्धा वाली बात नहीं है. छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ बन गया हो, ऐसी कोई स्थिति नहीं है. पिछले 15 वर्षों में जितने क्राइम हुए हैं, उसकी तुलना में हमारी सरकार में बहुत कटौती हुई है. ताम्रध्वज ने कहा, नक्सलियों का मामला हो या कोई भी मामला हो, हमारी पुलिस बखूबी काम कर रही है इसलिए यहां पर स्थितियां काफी अच्छी है.

## सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली,4 अक्टूबर।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के घर आज प्रवर्तन निदेशालय की टीम पहुंची. ईडी की टीम फिलहाल उनके आवास पर छापेमारी कर रही है. आप सांसद ने खुद पत्रकारों को इस बात की जानकारी दी है. इससे पहले इसी साल मई के महीने में भी संजय सिंह के घर पर ईडी ने छापेमारी की थी. उस समय उनके सहयोगियों के घर और दफ्तरों पर तलाशी अभियान चलाया गया था। दिल्ली के विवादित शराब नीति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर चार्टशीट में 3 जगह संजय सिंह का नाम है. इससे पहले संजय सिंह ने




3 मई को दावा किया था कि दिल्ली आबकारी मामले में ईडी ने अपनी चार्जशीट में उनका नाम गलती से जोड़ा था और इस मामले में ईडी ने उन्हें चिट्ठी लिखकर खेद जताया था. हालांकि, बाद में इस पर ईडी ने बयान जारी किया था और इस मामले पर जवाब देते हुए नोटिस वापस लेने के अलावा मीडिया में बयानबाजी ना करने को कहा था. ईडी ने बताया था कि चार्जशीट में सजंय सिंह का नाम 4 जगह लिखा गया था, जिसमें से तीन जगह नाम सही लिखा गया है, जबकि एक जगह राहुल सिंह की जगह गलती से सजंय सिंह का नाम दिया गया था,



# खोपली और काशीडीह के 60 से अधिक महिला,पुरुषों ने थामा कांग्रेस का हाथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 4 अक्टूबर।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों के कांग्रेस प्रवेश का दौर जारी है। मंगलवार को ग्राम पंचायत खोपली और काशीडीह के 60 ग्रामीणों ने प्रदेश के गृहमंत्री एवं स्थानीय विधायक ताम्रध्वज साहू के समक्ष कांग्रेस में प्रवेश किया। विधायक श्री साहू ने कांग्रेस प्रवेश करने वाले नागरिकों का परंपरा अनुसार गमछा पहनाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया व उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निदान किया जाएगा।कांग्रेस प्रवेश करने वाले महिलाओं ने बताया कि क्षेत्र समेत गांव दर गांव हो रहे विकास कार्यों, विधायक ताम्रध्वज साहू की कार्यशैली, क्षेत्र के लोगो के प्रति उनका प्रेम और सुबह से लेकर रात तक जनता की सेवा में लगे रहते देख एवं कांग्रेस की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी में प्रवेश करने की इच्छा जाहिर की। विधायक श्री साहू ने खोपली के ग्रामीणों की भावना का सम्मान करते हुए उनका कांग्रेस में प्रवेश कराया।इन्होंने किया कांग्रेस प्रवेश लक्ष्मीचंद भारती, कुमार यादव,पिताम्बर यादव,आशीष भारतीय,धरम सिंह यादव,जोहन लाल सोनवानी,राकेश भारतीय, हरीष भारतीय,जगतराम यादव, सुकलाल यादव,कासीराम यादव, कन्हैया यादव,शत्रुहन यादव,दुष्यंत जोशी,कोकीन यादव,किर्ती यादव, गायत्री यादव,अनिता यादव, कौशिल्या यादव,पार्वती यादव,लक्ष्मी यादव, सुरेश यादव,मोतीलाल यादव, संतराम जोशी,बीसनी डहरिया,रमिया देशलहरे, भारती जोशी,जागेश्वर बंजारे, रामेश्वर सोनवानी,नोहर भारतीय, उर्मिला गेण्ड्रे,लता कुर्रे,शांति डहरिया,जानकी डहरिया,जलवंतीन गेण्ड्रे, रूबी डहरिया, दुष्यंत लता, हिमांचला,पार्वती डहरिया, दीपक साहू, इंद्रा डहरिया,सुरेश साहू,विनय कुमार टण्डन,दीपक डहरिया,रमेश मराकण्डे, करण नारंग, बोधन कुर्रे,रोहित धुंरव ने किया कांग्रेस प्रवेश।इस अवसर पर प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्ष केश कला शिल्प बोर्ड नंदकुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, सभापति जनपद पंचायत दुर्ग टिकेश्वरी देशमुख,जिला कांग्रेस कमेटी सचिव प्रदीप चंद्रकार ,उपसरपंच जिला कांग्रेस सदस्य सुमन साहू, , सेवा नियुक्त बैंक प्रबंधक रेखराज भारती ,अरूण वर्मा, सेक्टर प्रभारी उपाध्यक्ष जिला कांग्रेसी ओ.बी.सी.,गजेन्द्र कांकड़े, अध्यक्ष ओ.बी.सी. ब्लॉक,जनार्दन साहू महासचिव युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष व राजीव युवा मितान अध्यक्ष,डोमन चतुर्वेदी, पूव उप सरपंच राकेश मारकण्डे,हितेन्द्र कांकड़े,मीना मारकण्डे, भागीरथी कुर्रे,मोहन चन्द्राकर,संत साहू,टिकेश्वर यादव,पुष्पा साहू नेताम उपस्थित थे।

## कांग्रेस सरकार के कान में कब सुनाई देगी छत्तीसगढ़ की बेटियों की चीख:रोहित साहू

उतई । कांग्रेस पार्टी के नेता मल्लिकार्जुन खडगे, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा को मध्यप्रदेश में एक बेटी के साथ हुई दुर्भाग्यजनक घटना दिखाई देती है लेकिन छत्तीसगढ़ में नवमीं में पढ़ने वाली बच्ची से बलात्कार के बारे में चुप्पी साध लिया। भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग जिला मंत्री रोहित साहू ने कांग्रेस नेताओं से सवाल किया है कि छत्तीसगढ़ की दुष्कर्म पीड़ित बेटियों की चीख उन्हें क्यों सुनाई नही देतीं? छत्तीसगढ़ के दौरे पर आए खड़गे जी ने भाजपा शासन में क्या हो रहभाई इसकी जानकारी तो रखते हैं लेकिन जिस राज्य से बयान दे रहे हैं वहां की स्थिति उन्हें मालूम नहीं है या यहां की की बेटियों, बहनों, बुजुर्ग महतारियों की तकलीफों से उन्हें कोई लेना देना नहीं है। राजधानी के करीब धरसीवां में पांच साल की बच्ची से बलात्कार होती है, लेकिन कांग्रेस के नेता चुप हैं। उन्हें सुकमा के पोटा केबिन में नन्हीं बच्ची की पीड़ा का एहसास नहीं है, आरंग के पास रखी के दिन एक बहन के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना पर आंख बंद कर रखी है।रोहित साहू ने कहा, राहुल गांधी ने दुष्कर्म के एक मामले में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार को गुनाहगार बता दिया तो वह खड़गे जी को सुनाई दे गया। गांधी परिवार जो कहे, उसे दोहराना खड़गे जी का मुख्य कर्म है। नित्य कर्म है। रोज ही उन्हें गांधी परिवार के वचनों का भजन गाना ही पड़ता है। न जाने कब केसरी जी की गति को प्राप्त हो जाएं, इसलिए उतना ही सुनते हैं, जितना राहुल, सोनिया, प्रियंका बोलें। उतना ही कहते हैं, जितना गांधी परिवार कहता है।

# जिलेवासियों के गुम 110 मोबाइल लोगों को पुलिस ने किया वापस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,4 अक्टूबर।** कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर तथा उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री भूषण एक्का के मार्गदर्शन में आज दिनांक-03.10.2023 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुम मोबाइल फोन के वास्तविक मोबाइल फोन के स्वामी को मोबाइल फोन का पता तलाश कर वितरण किया गया।जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों के दिशा निर्देश पर लंबित गुम मोबाईल आवेदनों का निराकरण कर उनके स्वामियों को वापस दिलाये जाने हेतु विशेष अभियान चलाये जाने सायबर सेल प्रभारी को निर्देशित किया गया था। जिस पर सायबर सेल प्रभारी द्वारा अपने टीम को पूर्व के लंबित गुम मोबाईल के आवेदन तथा दूरसंचार विभाग द्वारा जारी किये गये, सीआईईआर पोर्टल से प्राप्त आवेदनों में से वर्तमान में कुल 110/ नग विभिन्न कंपनियों के एंड्राईड मोबाईल फोन कीमती करीबन् 15.लाख रूपये को जिला एवं आसपास के क्षेत्रों से बरामद किया गया। उक्त मोबाईल फोन को उनके वास्तविक स्वामी को कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव एवं उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री भूषण एक्का के द्वारा प्रदान किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों के कुशल निर्देशन में साइबर सेल प्रभारी सहायक उप. निरीक्षक श्री चंद्रकांत तिवारी एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय भूमिका रहा। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा मोबाइल फोन के गुम होने पर बिना घबराए नजदीकी थाने में कंप्लेंट करने तथा आवश्यक जानकारी अपलोड कर मोबाइल गुम होने की कंप्लेंट आसानी से करा सकते हैं, कहा गया साथ ही गुम मोबाइल फोन के मिलने पर पुलिस टीम के द्वारा संबंधित मोबाइल के वास्तविक स्वामी को प्रदान किया जाता है कहते हुए सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी उपस्थित जनो को दिया गया।

## एक नजर

### पार्षद अशोक ठाकुर ने झाड़ू लगाकर किया स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक



**कवर्धा, 4 अक्टूबर।** कवर्धा नगर पालिका के कांग्रेसी नेता और पार्षद अशोक ठाकुर ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किया और तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए परसाद अशोक सिंह ठाकुर ने कहा की कवर्धा शहर में सभी वार्डो में बेहतर स्वच्छता नियमित दिखती है और सभी लोगो को स्वच्छता के प्रति हमेशा जागरूक रहना चाहिए क्योंकि स्वच्छता से मन और तन दोनो स्वस्थ रहता है ।

### मातृ योगाभ्यास केंद्र प्रशिक्षिका ने वृद्धाश्रम में प्राणायाम करने के लिए प्रेरित किया



**भिलाई, 4 अक्टूबर।** मातृ योगाभ्यास केंद्र द्वारा सेक्टर 8 के वृद्धाश्रम में बिताए गए कुछ खास पल। जहां योग प्रशिक्षिका प्राची भट्टाचार्य एवम् सरिता परगनिहा, विकास रॉय, प्रतिमा रॉय, बी के सराफ, के के राय, कलिंद्री यादव, मंथिरा सोनवानी, रुचि पहाड़े , शशि सिन्हा, प्रमोद कुमार सिंह द्वारा प्राणायाम करने के लिए प्रेरित किया गया एवम् रोजमर्रा के सामानों का वितरण भी किया गया।

### गांधी जयंती पर केंद्र प्रभारी ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया



**भिलाई, 4 अक्टूबर।** गांधी जयंती के दिन छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल एपलाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड केंद्र प्रभारी डी सी पटेल ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया। केंद्र प्रभारी डी सी पटेल ने बताया की गांवो और शहरों में स्वच्छता के प्रति बेहतर जागरूकता आ रही है ।

### लोगों को हथियार से डराने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 4 अक्टूबर।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र लोगों को डरा धमकाकर हथियार दिखाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि सूचना पर पांच रास्ता सुपेला के पास धारदार हथियार से लोगों को धमका रहे युवक सुभाष चौक सुपेला निवासी प्रदीप ताम्रकार उर्फ बबलू को पकड़ा गया युवक के पास से धारदार हथियार भी पुलिस ने बरामद किया है अब तक आधा दर्जन से अधिक हथियार लेकर घुम रहे युवकों को गिरफ्तार कर चुकी है चुनाव के मद्देनजर पुलिस अभियान चला रही है ।

# प्रगति यात्रा में लगातार विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई,4 अक्टूबर।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार ?प्रगति यात्रा कर रहे हैं। इस प्रगति यात्रा के दौरान विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को रोज लाखों की सौगात दे रहे हैं। हर वार्ड में लाखों का विकास कार्य करवा रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक देवेंद्र यादव गत दिनों जब प्रगति यात्रा कर रहे थे।

इसी कड़ी में विधायक देवेंद्र यादव वार्ड 70 हुडको और वार्ड 45 बालाजी नगर में प्र?गति यात्रा की। यहां वे लोगों से मिलने के साथ ही उन्हें विभिन्न विकास कार्यो की सौगात की। साथ ही पुराने जो विकास कार्य चल रहे है। उनका भी निरीक्षण? किया। निरीक्षण के सा?थ ?ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी देखी और संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए है। प्रगति यात्रा के दौरान सुबह विधायक श्री यादव वार्ड 60 हुडको पहुंचे। जहां वार्ड पार्षद सीजू एंथोनी और सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उनका स्वागत किया। पुष्प माला पहनाएं। तिलक लगाए और फिर यात्रा शुरू की । विधायक को देख कर प्रगति यात्रा में हजारों की संख्या में वार्ड?वासी शामिल हुए। विधायक श्री यादव लगातार हर घर पहुंचे। लोगों से मिले। हालचाल जाना। इस दौरान विभिन्न? विकास कार्यों की सौगात दी और ?वार्ड के वरिष्ठ नागरिको के हाथों से भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्मपन करवाया गया। इस दौरान वार्ड के नागरिकों ने विधायक देवेंद्र यादव की सराहना करते हुए कहा कि युवा विधायक देवेंद्र यादव लगातार हुडको के विकास के लिए काम कर रहे हैं। पहले के शासन काल में हुडको उपेक्षित था, यहां कोई नेता आता भी नहीं था। विकास कार्य भी नहीं होते थे। लेकिन अब ?कई विकास कार्य हो चुकी है। लोगों ने कहा कि ?विधायक श्री यादव जो निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा कर रहे हैं। लोगों ने कहा कि विधायक श्री यादव ने हुडको और खुर्सीपार के वार्डो को चमका दिया है। पूरे वार्डों में ?इतने विकास कार्य किए किए पूरी तश्वीर ही बदल गई है। इसके लिए वार्डवासियों ने उन्हें साधूवाद दिया। विधायक श्री यादव ने समाज प्रमुख और बड़े बुजुर्गो को प्रमाण किए और कहा कि आप सब का आशीर्वाद और प्रेम ही है जिससे मुझे शक्ति मिलती है। आप सब के आशीर्वाद ही मेरे लिए सब कुछ है। वार्ड 70 हुडकों में जगदीश्वर महादेव शिव मंदिर के प्रागंण में शेड एवं पेवर ब्लाक लगाया जाएगा। इसके साथ ही एमआईजी 1/391 शिवपार्वती मंदिर में टिनशेड लगाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही इसी वार्ड में एलआईजी शिवमंदिर प्रागंण में पेवर ब्लॉक एवं बोर खनन किया जाएगा। इन तीनों विकास कार्यों का आज प्रगति यात्रा के दौरान भूमिपूजन पूरे विधि विधान के साथ किया गया।

### बालाजी नगर में यह होंगे विकास कार्य

कन्या विद्यालय में टंकी बनाया जाएगा। 2 लाख की लागत से येलम्मा मंदिर के समीप शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। जिसका भूमिपूजन किया गया। 19 लाख की लागत से साई मंदिर परिसर में डोमशेड का निर्माण किया जाएगा। 3 लाख की लागत से सड़क 53-54 में मंच निर्माण किया जाए। 3 लाख की लागत से बालाजी नगर में बैडमिंटन कोर्ट, सड़क डामरीकरण, 10 लाख से ढक्कन लगाने का काम्र 5 लाख की लागत से लक्ष्मीनगर में सार्वजनिक मंच निर्माण, 4 लाख से आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इन सभी विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है।

### भिलाई बिरादरी ने महात्मा गांधी को अर्पित किया श्रद्धासुमन

**भिलाई, 4 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की इस्पात बिरादरी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 154 वीं जयंती के पावन अवसर पर 2 अक्टूबर को भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में प्रातः 8 बजे सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस सर्वधर्म प्रार्थना सभा में, संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक आर के श्रीवास्तव, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक श्रीमती निशा सोनी एवं कार्यकारी कार्यपालक निदेशक डी एन करन विशेष रूप से उपस्थित थे।

# हॉस्पिटल सहित अनेक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया



**भिलाई, 4 अक्टूबर।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय स्तर पर सभी जगह एक साथ, एक समय पर 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक, एक घंटे के लिये भारत देश को स्वच्छ, सुन्दर बनाने के लिए स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता श्रमदान का कार्य किया गया7 इसी के तहत सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर 9 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एम रविंद्रनाथ के मार्गदर्शन में चिकित्सालय परिसर को संक्रमण मुक्त बनाने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया। शुरुआत में स्वच्छता निरीक्षक सुबोध देशपांडे द्वारा स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलायी गई। स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ प्रमोद बिनायके एवं अन्य मुख्य चिकित्सा अधिकारियों डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर, डॉ राजीव पाल सहित महाप्रबंधक मोहम्मद शाहिद अहमद, बलवीर सिंह, डॉ सौरभ मुखर्जी, डॉ जीवन लाल, डॉ उदय एवं चिकित्सालय के नर्सिंग स्टाफ, कर्मचारी, अधिकारी, वार्ड अटेंडेंट, सफाई मित्र आदि उपस्थित थे। इसके साथ ही भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने पृथक-पृथक स्थान पर स्वच्छता के लिए श्रम दान किया7 संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 बिरादरी के सदस्यों ने एसएमएस-2 परिसर में और सिविक सेंटर स्थित कर्मण्य वाटिका उद्यान के अंदर और बाहर की सफाई करके श्रमदान किया। मुख्य महाप्रबंधक एस के घोषाल के नेतृत्व और महाप्रबंधक योगेश शास्त्री के मार्गदर्शन में यह श्रमदान किया गया। संयंत्र के दल्लीराजहरा लौह अयस्क खदान समूह बिरादरी के सदस्यों ने भी 01 अक्टूबर 2023 को सफाई करके श्रमदान किया। पंडर दल्ली क्षेत्र में राजहरा बाबा के मंदिर परिसर की सफाई की। महाप्रबंधक एस श्रीकांत के मार्गदर्शन में खदान बिरादरी के सदस्यों ने स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया और मंदिर परिसर की वृहद सफाई की। इसके साथ ही संयंत्र की अन्य खनि नगरियों नंदनी, हिर्री और कोटेश्वर खदान में भी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र एवम् नगर निगम चरोदा, भिलाई के संयुक्त तत्वाधान में आदर्श इस्पात ग्राम देवबलोदा में सफ़ाई अभियान चलाया गया। इसमें भिलाई इस्पात संयंत्र की सीएसआर और नगर निगम चरोदा भिलाई की टीम का विशेष योगदान रहा। यह स्वच्छता अभियान देव बालौदा के प्राचीन शिव मंदिर के समीप स्थित कलशा तालाब में चलाया गया।

### पेट्रोल पंर में पांच युवकों ने की गाली गलौज

**भिलाई, 4 अक्टूबर।** भिलाई कुम्हारी थाना अंतर्गत पेट्रोल डालने की छोटी सी बात को लेकर एक पेट्रोल पंप के चैंबर में घुसकर कार सवार 5 युवक वहां के कर्मचारियों के साथ गाली-गलौच करते हुए बुरी तरह पीटा है। मारपीट की



सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 147, 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है कुम्हारी टीआई केशव कोसले ने बताया कि ग्राम-कुम्हारी निवासी रोहित सिंह( 22 वर्ष) वर्तमान में कृष्णा एनर्जी पेट्रोल पंप कुम्हारी में कार्यरत है सोमवार तड़के 3 बजे के करीब वह सूरज यादव और जयपाल के साथ ड्यूटी पर था। इसी दौरान कार में सवार 5 लोग पेट्रोल भरवाने आए। उन्होंने टंकी फुल करने के लिए बोला। इस पर रोहित ने कहा कि पहले पेमेंट कर दीजिए। रात के समय उसके साथ पहले भी दो बार ऐसी घटना हुई है कि लोग पेट्रोल डलाने के बाद भाग जाते हैं। इतना सुनते ही वे लोग भड़क गए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे अपनी जान बचाकर रोहित पंप में बने कमरे में घुसने लगा तो गुंडों ने अंदर घुसकर रोहित सहित दो अन्य कर्मचारियों को भी बुरी तरह मारा। वहां कुर्सी पटक दी और तोड़फोड़ भी की। यह पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में पूरी कैद हो गई। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### बिना अनुमति डीजे बजाने पर की कार्रवाई

**भिलाई, 4 अक्टूबर।** भिलाई बिना अनुमति के देर रात को डीजे बजा रहे संचालक को पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया। उसके खिलाफ



कार्रवाई की गई है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि रात लगभग 11.30 बजे पर दुर्ग में बिना अनुमति के डीजे बजाया जा रहा था इस पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डीजे को बंद कराया। डीजे बंद करवाने से कुछ लोग विरोध करने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने सभी को पकड़कर थाना में लाया और उसके पास समझाइश देकर उन्हें छोड़ा डीजे को जप्त कर थाना लाया गया कोलाहल अधिनियम के तहत संचालक सत्यवीर मरकाम ( 21 वर्ष ) निवासी कसारीडीह के विरुद्ध कार्रवाई की गई देर रात तक डीजे बजाकर माहौल खराब करने वालों पर नजर रखे हुए हैं इसी के तहत विसर्जन के दौरान डीजे को तेज आवाज में बजाने एवं उपद्रव करने वाले लोगों को चिन्हित कर पृथक से नोटिस भी भेजा गया है।

### निगम प्रशासन ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई



**भिलाई, 4 अक्टूबर।** 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के 04 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान कार्य एवं अनुभव को साझा करते हुए सभी को सामंजस्य बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किए। राजस्व अधिकारी प्रीति सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए। 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम भिलाई के तीरथ राम यादव आ0 कंगलू राम यादव पम्प सहायक, सुदामा प्रसाद सोनी आ0 स्व0 लोचन प्रसाद सोनी चौकीदार, पुरुषोत्तम चन्द्राकर आ0 स्व0 मगन लाल चन्द्राकर हेल्पर, इंदल आ0 भुनेश्वर सफाई कामगार सहित 04 कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई।

# वरिष्ठजन दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक संध्या की धूम रही



**भिलाई, 4 अक्टूबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस के अवसर महात्मा गाँधी कला मन्दिर के प्रेक्षागृह में रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया7 इस कार्यक्रम के माध्यम से एक शाम ही नहीं पूर्ण दिवस बुजुर्गो के नाम का आयोजन कर भिलाई इस्पात सियान सदन के वरिष्ठजनों को ये महसूस कराया कि वे सब हमारे के लिए बेहद खास है। 1 अक्टूबर को संध्या कालीन कला मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप थे7 अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक जे वाई सपकाले ने की7 विशिष्ट अतिथियों के रूप कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, मुख्य चिकित्सक अधिकारी प्रभारी एम रवीन्द्रनाथ एवं कार्यकारी कार्यपालक निदेशक श्रीमती निशा सोनी सहित मुख्य महाप्रबंधक डी एन करन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ राजीव पाल उपस्थित थे। शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया7 इसके पश्चात श्रीमती रजनी रजक ने राजगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप ने वरिष्ठजनों को उपहार देकर उनका सम्मान किया7 महाप्रबन्धक शिवराजन नायर एवम वरिष्ठ प्रबन्धक सुशील कुमार कामडे ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। मुख्य महाप्रबंधक जे वाई सपकाले ने स्वागत उद्बोधन दिया7 भिलाई इस्पात संयंत्र से सम्बन्धित कुछ सवाल पूछे गए, जवाब देने वाले वरिष्ठजनों को अतिथियों ने आकर्षक ईनाम प्रदान किया। सांस्कृतिक संध्या में वरिष्ठजनों के मनोरंजन के लिए भिलाई के नृत्य धाम के कलाकारों ने देश भक्ति गीत, छत्तीसगढ़ लोक नृत्य कर्मा, भगवान् कृष्ण को समर्पित रास, पंजाबी नृत्य की छटा बिखेरी, वहीं यूनिवर्सल पपेट शो, भिलाई के कलाकारों ने कठपुतली नृत्य एवम मैजिक शो से सबका भरपूर मनोरंजन किया। संध्याकालीन प्रस्तुति उपरांत वरिष्ठजनों के सम्मान में सीएसआर विभाग द्वारा रात्रि कालीन स्नेहिल भोज का आयोजन किया गया था। उपस्थित अतिथियों ने वरिष्ठजनों के साथ रूबरू होते हुए उनकी कुशलक्षेम की जानकारी ली7 कार्यक्रम के अतिथिगणों, उपस्थित प्रबुद्धजन कलाकार साथी, विभागीय सीएसआर कर्मियों ने सियान सदन के वरिष्ठजनों के साथ भोजन कर बुजुर्ग को उनके परिवार के सदस्य होने का तथा अपनेपन का अहसास दिलाया। महाप्रबन्धक शिवराजन नायर आभार प्रकट ने किया।

# आदिवासी नगर में अलग-अलग मिली पति-पत्नी की लाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 4 अक्टूबर। जामुल थाना क्षेत्र आदिवासी नगर में एक दंपती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बस्ती के सार्वजनिक मंच पर पत्नी की मिली है और उससे कुछ ही कदम की दूरी पर स्थित झोपड़ी में पति की लाश फंदे पर झूलती मिली। दंपती के तीन बच्चे हैं, लेकिन खेलने के लिए बाहर गए हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि पति ने ही अपनी पत्नी की हत्या के बाद आत्महत्या की होगी, लेकिन महिला के शरीर पर भी कोई चोट नहीं नजर आ रहा है, इसलिए मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है पुलिस ने दोनों के शवों को चीरघर भिजवा दिया है पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा

जामुल के आदिवासी नगर में रहकर जड़ी बूटी बेचने वाले जीतू नेताम ( 40 ) और पत्नी रमली नेताम ( 35 ) लाश मिली। बस्ती स्थित सार्वजनिक मंच पर ही दोनों पति-पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ रहते थे। उनके दो बेटे और एक बेटी हैं बड़े बेटे की उम्र (11), मंझले बेटे की (नौ) और सात साल की बेटी है। सभी मंच पर ही मच्छरदानी लगाकर सोते थे और वहीं पर चूल्हा और बर्तन पर खाना बनाकर जीवन यापन करते थे वे लोग रायपुर के तिल्दा नेवरा के रहने वाले हैं और यहां पर रहकर जड़ी बूटी बेचते थे। मंगलवार की शाम को तीनों बच्चे खेलने के लिए बस्ती में गए थे। इसी दौरान दोनों की मौत हो गई मंच पर कोई संघर्ष के निशान भी नहीं मिले हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि महिला की हत्या की गई है, लेकिन पति की फंदे पर लटकी लाश मिलने से यही आशंका जताई जा रही है कि पत्नी की हत्या के बाद उसने आत्महत्या की होगी वे लोग काफी दिनों से आदिवासी नगर जामुल में रह रहे थे हाल ही में वे अपने गांव गए थे और कुछ दिन पहले ही वापस लौटे थे प्रारंभिक जांच में कोई स्पष्ट कारण भी सामने नहीं आया है। माता-पिता की मौत से तीनों बच्चे भी बदहवास हैं, इसलिए वे भी उनके बीच किसी प्रकार के विवाद की जानकारी नहीं दे पा रहे हैं बस्ती के लोगों से भी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है शवों के पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा जामुल टीआई याकूब मेमन ने बताया कि आदिवासी नगर जामुल में दंपती की मौत की जानकारी मिलने पर पुलिस वहां गई थी पति की लाश फंदे पर लटकी मिली, इसलिए उसकी मौत फांसी लगाने से होने की बात कही जा सकती है लेकिन पत्नी के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं, इसलिए उसकी मौत का कारण नहीं बता सकते दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भिजवाया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा कारण जानने के लिए बच्चों व आसपास के लोगों से बात की जा रही है ।

एक नजर

## केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर रायपुर में होने वाले राज्यस्तरीय युवा उत्सव में होंगे शामिल

**रायपुर 4 अक्टूबर।** केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर नेहरू युवा संगठन, रायपुर के तत्वावधान में 5 एवं 6 अक्टूबर, 2023 को रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, रायपुर में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय युवा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ के 28 जिलों से लगभग 500 युवक एवं युवतियां इस युवा उत्सव में भाग लेंगे। युवा उत्सव के दौरान चित्रकला, कविता, मोबाइल फोटोग्राफी, भाषण एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा उत्सव में शामिल होने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अमृतकाल के पंच प्रण- विकसित भारत, गुलामी की सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकजुटता और नागरिक कर्तव्य पर आधारित होगा।

## अवैध शराब बिक्री करने वाले पर लालबाग पुलिस की कार्रवाई

**राजनांदगांव 4 अक्टूबर।** श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिषेक मीना के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन पर नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के पर्यवेक्षण में लालबाग थाना क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय/परिवहन पर कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष भुआर्य के नेतृत्व में लालबाग पुलिस के द्वारा दिनांक 3/10/2023 को मुखबिर सूचना पर ग्राम दिलापहरी में आरोपी नितेश वर्मा पिता श्री नरहर वर्मा उम्र 24 साल साकिन ग्राम दिलापहरी थाना लालबाग को अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु कब्जे में रखना पाए जाने पर आरोपी के कब्जे से 05 बोतल अंग्रेज़ी शराब कीमती 2000/रुपये एवम बिक्री रकम 200/रुपये जप्त किया गया आरोपी द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री/कब्जे में पाए जाने पर आरोपी के विरूध्द थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 401/23, धारा 34 ( 1 ) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में प्र0आर0 1470किशोर यादव आर0राकेश ध्रुव की भूमिका सराहनीय रहा।

## पुलिस ने युवक के पास से धारदार हथियार किया जब्त

**राजनांदगांव 4 अक्टूबर।** मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक युवक बजरंगपुर नवांगांव राजपूत काम्पलेक्स के सामने आम जगह पर धार हथियार लहराकर आम लोगों को डरा धमका रहा है कि सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया बाद वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश पर घटनास्थल बजरंगरपुर नवांगांव राजपूत काम्पलेक्स के पास पहूंचकर धारदार हथियार लहराकर लोगो को डरा धमका रहे अनीश लिल्हारे उर्फ मोनु पिता कोमल लिल्हारे उम्र 19 साल निवासी मोतीपुर सुभाष क्लब वार्ड न0 03 पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को घेराबंदी कर पकडा गया एवं आरोपी युवक के कब्जे से एक नग धारदार हथियार चाकू बरामद किया गया, आरोपी का कृत्य धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का पाये जाने से धारा सदर का अपराध कायम कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल राजनांदगांव में निरूद्ध किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, म.प्र.आर.वंदना पटले, अरुण नेताम ,आर.राजकुमार बंजारा ,जोगेश राठौर,छत्रपाल वर्मा,की भूमिका सराहनीय रहा।


## नगर निगम जन चौपाल में 14 आवेदन प्राप्त, 3 आवेदन का किया निराकरण

**राजनांदगांव 4 अक्टूबर।** नागरिकों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिये जिलाधीश के निर्देशानुसार सभी विभागों में प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में आज मंगलवार दोपहर 1:30 बजे नगर निगम सभागृह में आयोजित जन चौपाल में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर उपायुक्त श्री मोबिन अली एवं कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके सहित विभागीय प्रमुख नागरिकों की समस्या से अवगत हुये। आज के जन चौपाल में राशन कार्ड, भवन नजूल, लोककर्म, राजस्व,प्रधानमंत्री आवास, लेखा शाखा एवं अतिक्रमण सबंधी 14 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें से राशन कार्ड के 3 आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया। नागरिकों की समस्या से रूबरू होने, उसका निराकरण करने एवं नागरिकों को शासन की योजना का लाभ देने जिलाधीश श्री डी.सिंह एवं आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर इस मंगलवार भी नगर निगम के सभागृह में दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक जन चौपाल लगाया गया।
जन चौपाल का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण करना है। चौपाल में आये आवेदनों का उचित समाधान किया जायेगा ताकि उन्हें शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

# क्रिप्टो करेंसी ट्रेडिंग की आड़ में करोड़ों का भ्रष्टाचार,मास्टर माइंड फरार

- क्विक ट्रेड टुडे कंपनी रायपुर के संचालक एवं छुरिया के सहयोगी पार्टनरो ने छुरिया क्षेत्र में कोरोडो का घपला किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय,
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
विषय :- क्विक ट्रेड टुडे कंपनी रायपुर द्वारा फायनेंशियल फ्राड की शिकायत बाबत।

**छुरिया 4 अक्टूबर।** राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड में फाइनेंशियल फॉड का एक बहुत बड़ा मामला सामने आया है ,मामला यह है कि रायपुर स्थित क्विक ट्रेड टुडे नामक एक कंपनी के संचालक शुभेलाल साहू उर्फ सुशील साहू एवं छुरिया के उसके तीन सहयोगी साथी व राजनांदगांव के एक सहयोगी द्वारा विगत एक साल से छुरिया व आसपास के लोगो से अवैध उगाही व घपले की नियत से एक सुनियोजित प्लान बनाकर छुरिया,राजनांदगांव व रायपुर में अनेक बार ऑनलाइन व ऑफलाइन मीटिंग का आयोजन किया गया।जिसमे सुशील साहू व छुरिया के उनके सहयोगी साथियों द्वारा लोगो को जमा धन पर 15 प्रतिशत प्रतिमाह मुनाफा कमाना बताकर करोड़ों रुपए निवेश कराया गया।साथ ही मूल धन सुरक्षित रहेगा जिसे कभी भी तीन गुणा आहरण किया जा सकता है बताया गया।कंपनी के डायरेक्टर शुभेलाल साहू उर्फ शुशील एवम् छुरिया निवासी सहयोगियों द्वारा मीटिंग में लोगो को प्रतिमाह लाखो रुपए का अपना इनकम दिखाकर गारंटी लेते हुए आमलोगो को झांसे में लिया गया जिससे लोग प्रभावित होकर अपने मेहनत की गाढ़ी कमाई उक्त कंपनी के लोगो के पास जमा करा दिए।लोगो को रायपुर स्थित कंपनी के ऑफिस एवं वहां के सिस्टम को दिखाकर सुशील साहू व उसके छुरिया के सहयोगियों द्वारा लोगो को जमकर चुना लगाया। ज्ञात सूत्रों के अनुसार छुरिया के उन तीन एवम् राजनांदगांव के आरोपीयो द्वारा निवेश करने वाले लोगो के जमा पर सीधे 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत का लाभ कमाते थे।लोगो को जब जमा राशि पर किसी भी प्रकार का मुनाफा एवं मूलधन प्राप्त नही हुआ तो उनके द्वारा छुरिया थाना एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के समक्ष शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।ज्ञात सूत्रों के अनुसार उक्त कंपनी का पहला आरोपी हालेकोसा निवासी व्यक्ति जो छुरिया चिचोला रोड में मार्केटिंग का दुकान चलाता हैं जहां पर लोगो को सिर्फ फर्जी कंपनियों में फायदे का सब्जबाग दिखा कर निवेश कराता है और लोगो का पैसा डुबाने का काम करता है।दूसरा आरोपी अटल चौक छुरिया का निवासी हैं जो विगत कई वर्षो से इसी तरह ऑनलाइन फर्जी ट्रेडिंग का काम करता है,वर्तमान में राजनांदगांव में ट्रेडिंग का ऑफिस डाला हुआ है।तीसरा आरोपी पड़रामटोला का निवासी हैं जो बम्हनी चारभाटा में स्वयं के कॉम्प्लेक्स में मेडिकल स्टोर का संचालन के साथ झोलाछाप डॉक्टरी का कार्य करता है,यह भी विगत कई वर्षो से फर्जी ट्रेडिंग का कार्य कर रहा है।चौथा आरोपी राजनांदगांव निवासी हैं जो इसी तरह फर्जी ट्रेडिंग का का जाल फैलाता है।सूत्रों के हवाले से खबर है कि उक्त चारो व्यक्तियों द्वारा फर्जी कंपनी के आड़ में सिर्फ छुरिया क्षेत्र में लगभग पांच करोड़ रुपए का घपला किए है जिसमे क्षेत्र के आम लोगो के साथ नामी लोगो का पैसा फसा हुआ है।बताया जाता है कि जिसमे पूर्व विधायक के परिवार के सदस्य,वर्तमान विधायक के पारिवारिक सदस्य,जनता जोगी पार्टी के सदस्य,होंडा शोरूम के संचालक,क्लॉथ स्टोर संचालक, एवं अनेक शासकीय कर्मचारियों के साथ छुरिया विकासखंड के सैकड़ों लोगों का पैसा घपला करने में इन चार व्यक्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।सूत्रों से यह भी खबर है कि इन चारो आरोपियों में सुशील साहू फरार हो चुका है एवं चार आरोपियों को छुरिया पुलिस उठाकर थाने ले गई एवं घंटो पूछताछ किया।यह भी खबर है कि उक्त चारो आरोपियों द्वारा छुरिया पुलिस और साइबर सेल के डर से साक्ष्य व सबूत मिटाने अपने मोबाइल एवं लैपटॉप को फॉर्मेट कर दिया गया है।अब देखना यह है कि छुरिया पुलिस व साइबर सेल आरोपियों पर क्या शिकंजा डालकर क्या कार्यवाही करती है?

## भगवान महावीर समता मंच वृद्धाश्रम में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 4 अक्टूबर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर पारीनाला राजनांदगांव स्थित भगवान महावीर समता मंच वृद्धाश्रम में वृद्धजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सिद्धार्थ अग्रवाल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अविनाश तिवारी, उप संचालक समाज कल्याण श्री बीएल ठाकुर उपस्थित थे। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सिद्धार्थ अग्रवाल एवं श्री अविनाश तिवारी ने माता-पिता व वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध में कानूनी जानकारी दी। उन्होंने वरिष्ठजनों को दिए जा रहे निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में बताया।

उप संचालक समाज कल्याण श्री बीएल ठाकुर ने समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठजनों के लिए संचालित विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वरिष्ठजन किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए विभागीय हेल्पलाईन 155-326 एवं टोल फ्री नंबर 1800-233-8989 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने वरिष्ठजनों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को घर पहुंच मतदान करने की सुविधा से अवगत कराया। कार्यक्रम को वृद्धाश्रम के संरक्षक एवं समाज सेवी श्री गौतम पारख ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वरिष्ठ नागरिकों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया और मताधिकार का उपयोग करने शपथ दिलाई गई। इस दौरान शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. नरेन्द्र गांधी, डॉ, एमके दिवाकर, डॉ. नंद किशोर मिश्रा, अधिवक्ता श्री प्रकाश सांकला सहित सेवानिवृत्त अधिकारियों, शिक्षकों, वृद्धजनों व वरिष्ठ नागरिकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभिलाषा संस्था से श्री दिलीप श्रीवास्तव, वरिष्ठ नागरिकए समाज कल्याण विभाग के कलापथक दल एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## भोथीपार खुर्द नया पारा में जनपद उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय जनपद सदस्य ने किया नाली निर्माण का भूमि पूजन



**राजनांदगांव 4 अक्टूबर।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 ग्राम पंचायत भोथीपार खुर्द पुराना पारा आश्रित ग्राम भोथीपार खुर्द नया पारा में भूमि पूजन कार्यक्रम मुख्य अतिथि रोहित चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्षता रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य राजनांदगांव विशेष अतिथि योगेंद्र दास वैष्णव संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव दिव्या केशव हिरवानी सरपंच अशोक कुमार साहू उपसरपंच रूमलाल साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति के अतिथि में भूमि पूजन पक्की नाली निर्माण 1लाख 95हजार अहाता निर्माण 1लाख कार्य भूमि पूजन किया गया अतिथि के तिलक लगाकर स्वागत किया गया अतिथियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी सरकार के योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने कार्य सभी लोगों जिम्मेदारी है तथा योजनाओं को हर घर तक पहुंचे ये सोच मुख्यमंत्री के है कांग्रेस सरकार ने किसानों और मजदूरों युवा महिलाओ के लिए बहुत सारी योजनाएं बनाई जिसका फायदा हो रहा और धरातल में दिख रहा है आने वाले समय में विधानसभा चुनाव में पुनः कांग्रेस सरकार और राजनांदगांव विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी को विजय बनाने अपील ग्रामवासियों से किया तथा स्वाचछता में भोथीपार खुर्द नया पारा को गांधी जयंती अवसर पर ग्राम खैरछिटी में जनपद स्तरीय में सम्मान मिला जो आप लोगों जागरूकता परिणाम है कार्यक्रम में सचिव ओमलाल साहु पंचगण चित्रांगद साहु गंगोत्री साहू हितेश्वरी साहु प्रमोद कुमार साहू तमेशरू साहु भारत साहु अघनू साहू डोमार साहू ढेलु राम साहू धर्मेन्द्र कुमार साहू परमेश्वर साहू लिखन देवांगन उमेश साहू भूवाल साहू सीमा साहु किरण साहू अनिता साहू लोमसिंह कोटवार रायल फैन्स क्लब सदस्य गण ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना का शुभारंभ

- जिले के पांचों विकासखण्ड मुख्यालय में एक- एक कोचिंग सेंटर शुरू
- नीट और जेईई की तैयारी के लिए मिलेगा उच्च स्तरीय निःशुल्क कोचिंग
- अब तक 267 बच्चों ने कराया पंजीयन

**बलौदाबाजार 4 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना का ऑनलाईन शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिले वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री रविन्द्र चौबे,छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन, प्रमुख सचिव डॉ आलोक शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। जिले के विकासखण्ड बलौदाबाजार में पंडित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय, भाटापारा में पंचम दीवान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, कसडोल में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय ,सिमगा में स्वामी आत्मन्द उत्कृष्ट विद्यालय तथा पलारी विकासखण्ड में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय में स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना के तहत कोचिंग सेंटर की शुरूअत हुई। स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना में बच्चों को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई की उच्च स्तरीय कोचिंग निःशुल्क दी जाएगी। कोचिंग के लिए प्रतिष्ठित संस्था एलन कोंचिंग इंस्टिट्यूट से एमओयू किया गया है जो रायपुर से ऑनलाइन माध्यम से सभी कोचिंग सेण्टर से जुड़कर कक्षा 12 के गणित व जीव विज्ञान विषय के बच्चो को मेथ्स, केमिस्ट्री,फिजिक्स एवं बायलॉजी की कोचिंग दी जाएगी। ऑनलाइन कोचिंग के लिए सभी सेंटर में नेटवर्क सहित अन्य आवश्यक उपकरण की व्यवस्था कर ली गई है। ऑनलाईन कोचिंग के दौरान बच्चों को स्थानीय स्तर पर सपोर्ट के लिये प्रत्येक सेंटर में नोडल अधिकारी बनाए गए है। कोचिंग के लिए अब तक पांचों विकासखंड में कुल 267 बच्चों ने पंजीयन कराया है जिसमे नीट के लिए 210 एवं जेईई के लिए 57 बच्चे शामिल है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार में अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री राकेश शर्मा, प्राचार्य रितु शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## भारतीय मूलनिवासी समाज की परिचर्चा में दिया गया शिक्षा के महत्व पर बल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरुद 4 अक्टूबर।** गांधी जयंती के अवसर पर आदिवासी भवन कुरुद में भारतीय मूलनिवासी समाज कुरुद द्वारा सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा आंदोलन पर परिचर्चा रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी समाज प्रमुखों द्वारा आदिवासी समाज भवन में विराजित समाज के वीरों की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।तदुपरांत कार्यक्रम के मुख्य सञ्चालक शंकर रात्रे ने कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य का वर्णन करते हुए भारतीय मूल निवासी समाज का परिचय देते हुए सँविधान के महत्व ,भारत के इतिहास व भारतीय मूल निवासी समाज के विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। तदुपरांत प्रत्येक समाज से आए प्रतिनिधियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा आंदोलन पर परिचर्चा रखा गया। जिसमें समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि हम सब भले ही विभिन्न जातियों से आते है,परन्तु हमारी मुख्य पहचान हमारा मानव समाज है।हम सभी को मिल-जुलकर आने वाली पीढ़ियों के अंतर्मन में शिक्षा के सार्थक महत्व व उसकी उपयोगिता को प्रस्तुत करना होगा। तभी हमारी युवा पीढ़ी शिक्षा को ही अपना मुख्य आधार बनाकर सुनहरे कल की तस्वीर सजा पाएगी।

## जागरूकता रैली निकाल दिया स्वच्छता ही सेवा का संदेश



**छुरा 4 अक्टूबर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता जागरुकता पखवाड़ा आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक, गीत, नारों के माध्यम से नगरवासी, अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा का संदेश के साथ विशाल जन जागरूकता रैली निकाली। *हर नागरिक का एक ही नारा, सबसे सुंदर नगर हमारा* जैसे प्रेरक निनादो से शहर गुंजायमान रहा। नगर के प्रबुद्ध जनों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों ने झाड़ू लेकर नगर की सफाई की। विद्यालयीन बच्चों ने चित्रकला और रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। रैली उपरांत भव्य सम्मान समारोह द्वारा स्वच्छता मित्रों, सफाई कर्मी, स्वच्छता दीदी एवं चित्रकला रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों का सम्मान किया गया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, वरिष्ठ पार्षद अशोक दीक्षित, हरीश यादव, पंचराम टंडन, श्रीमती मीना चंद्राकर, श्रीमती रजनी लहरे, श्रीमती चित्ररेखा ध्रुव, एल्डरमेन सलीम मेमन, लोकेश्वर वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल सिंह मरकाम, संवाददाता मेशनंदन पांडे, वरिष्ठ शिक्षक एम.आर. देवांगन, डॉ. विनीत साहू, रेवेंद्र दीक्षित, उप अभियंता श्याम सुंदर पटनायक द्वारा मां भारती, मां शारदे, छत्तीसगढ़ महतारी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पमाल अर्पण कर अक्षत कुमकुम रोली चंदन से वंदन करते हुए दीप प्रज्वलन किया। अतिथियों ने बच्चों के द्वारा उकेरी गई सुंदर रंगोली का निरीक्षण कर प्रोत्साहित किया। राजकीय गीत, सरस्वती वंदना एवं सर्वधर्म प्रार्थना द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। प्रतिवेदन वाचन करते हुए नोडल वीरेंद्र ठाकुर ने 15 दिनों तक चले स्वच्छता अभियान का विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किया। पार्षद हरीश यादव ने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता का शपथ दिलाया। अतिथियों की ओर से वरिष्ठ पार्षद अशोक दीक्षित ने कहा कि हम स्वयं स्वच्छ रहकर, आसपास और नगर की साफ सफाई में स्वप्रेरित होकर सहयोग करेंगे तो हमारा नगर स्वमेव स्वच्छ रहेगा। आगे कहा कि स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है। एल्डरमेन सलीम मेमन ने ओजस्वी उद्बोधन देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आजीवन अपना काम स्वयं किया। वे सदैव सबको स्वावलंबन के लिए प्रेरित करते रहे। हम सबको राष्ट्रपिता के बताएं मार्ग पर चलकर नगर, राज्य और राष्ट्र को स्वच्छ बनाने में सहयोग करना चाहिए। संचालन करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइडस के जिला प्रशिक्षण आयुक्त अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कविता, नारों, प्रेरक संदेशों के द्वारा स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। सिन्हा ने गीला कचरा, सूखा कचरा को अलग करने के मूल उद्देश्य को भी विस्तार से बताया। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, गीतों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण रोकने, स्वच्छता, जल संग्रहण, मोबाइल के दुष्परिणाम, वृक्षारोपण का प्रेरक संदेश दिया। मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत स्वच्छता दीदी, निकाय के सफाई कर्मी, स्वच्छता मित्र एवं कर्मचारियों का शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल किए प्रतिभागियों को कॉलेज बैग, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में भाग लिए सभी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं ड्राइंग सेट सांत्वना पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। सभी निर्णायकों, प्रभारी शिक्षकों, उपस्थित संवाददाताओं, आश्रम अधीक्षकों एवं सुरक्षा में लगे आरक्षकों को भी मोमेंटो और कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल सिंह मरकाम ने स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने का आवाह्न करते हुए सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक मानसिक निषाद, सेवानिवृत्त व्याख्याता के.आर. सिन्हा, शिक्षकगण होरीलाल कुर्रे, लोवित रत्नाकर, संतोष वर्मा, डीगेश बघेल, करुणा वर्मा, तरुण बंजारे, टिकेश्वरी साहू, अनीता चंद्राकर, अंजू कौशिक, बुंदा साहू, किशोर सिन्हा, योगेंद्री कश्यप, योगेश्वरी बंजारे, परागा ध्रुव, लारेंस महिलाने, डोमेश्वर ध्रुव, अधीक्षक गिरधारी कुंभकार,

## कर्म ऐसा करो जो निष्काम हो, यही सच्ची भक्ति है:ललित वल्लभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 4 अक्टूबर।** पोथी में बैठे पंडितो के बीच आए कथा कार ने सम्मान कर पोथी पुराण में आए पंडितो से आशीर्वाद लिया और पोथी में बैठे ब्रज मंडल के पंडितो को संबोधित कर शुभकामना दी। यहां जजमानों को भी कहा पितृ पक्ष में श्री मद भागवत महा पुराण पितृ को सुनाने से परिवार में खुशी आती है सुख वैभव की प्राप्ति होती है

सुबह आठ बजे ब्यास पीठ श्री ललित महाराज ने सभी को शुभ असीस देते हुए राधे राधे बोलते कहा की भगवान को हमेशा याद करे जब जीव जन्म लेता है तब माया साथ आती है। सिनोधा रोड अमित चावल उद्योग में श्रीकृष्ण की भक्ति में भक्त रमे हुए हैं। यहां जारी 1008 पोथी श्री मद्भागवत कथा के तृतीय दिवस श्री धाम वृंदावन के प्रख्यात भागवत प्रवक्ता श्री ललित वल्लभ महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब जीव जन्म लेता है, तब माया साथ आती है और मनुष्य अपने शरीर व माया को प्रधान मान लेता है,जबकि शरीर नश्वर है, कर्म ऐसा करो जो निष्काम हो, यही सच्ची भक्ति है। जीव जब गर्भ में रहता है, तब उसे गर्भ में प्रभु का दर्शन होता है। जब वह जन्म लेता है,तब बोलता है कहां-कहां बो कहा है जिसका मुझे गर्भ में दर्शन हो रहा था, गर्भ में जीव भगवान से कहता है कि मुझे इसमें से निकालो मैं आपका भजन करूंगा, लेकिन गर्व के बाहर माया में लिप्त हो जाता है और भूल जाता है कि मैंने वचन दिया था की भजन करूंगा। प्रभु चरण ,शरण, आने से ही कल्याण निश्चित है। कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए महाराज ने ध्रुव चरित्र वर्णन किया। ध्रुव चरित्र में बताया कि ध्रुव की तरह अटल प्रतिज्ञा होनी चाहिए,उन्होंने छोटी सी उम्र में प्रभु का साक्षात्कार कर लिया। इंसान को कभी अभिमान में नहीं रहना चाहिए। अभिमान युक्त यज्ञ कभी सफल नहीं होते। आगे वर्णन करते हुए जड़ भरत चरित्र, नरको का वर्णन ,अजामिल उपाख्यान एवं भक्त प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया।



श्री वल्लभ ने भारत महिमा में कहा कि भारत भूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है ,क्योंकि न तो स्वर्ग में गंगा बहती है न यमुना, न राम कथा होती है,न कृष्ण कथा।

प्रहलाद चरित्र में बताया कि भक्ति नौ प्रकार की होती है जीव नो प्रकार की भक्ति में से एक का भी सहारा ले ले तो उद्धार सुनिश्चित है। इसी प्रसंग के साथ पूज्य महाराज श्री ने कथा का तृतीय दिवस विश्राम किया। श्रीमद् भागवत कथा परिवार ने श्रद्धालु श्रोताओं से कथा श्रवण करने का निवेदन किया।

अमित चावल उद्योग में होगा कृष्ण अवतार

आज कथा में कृष्ण अवतार होगा जिसमें फूल सहित बधाई मनाई जाएगी उद्योग पति राजेंद्र अग्रवाल अमित अग्रवाल ने समस्त जनता से अपील की है।

# ग्रामीण क्षेत्र में हो रही आए दिन बिजली गुल,विभाग नहीं ले रहा सुध

**डोंगरगांव 4 अक्टूबर।** खबर के अनुसार डोंगरगांव तहसील के ग्राम राजा खुज्जी और उससे लगे गांव नादिया,करेठी, बडभूम, गुंडरदेही ,दर्री, बेंदरकट्टा, परना, पतोरा , जोंधरा मोहगांव के ग्रामीण बिजली विभाग की लापरवाही की सजा भुगत रहे है

दिन में अनेकों बार बिजली गुल की परेशानी से जनता को दो चार होना पड़ रहा है । त्योहारी सीजन होने के कारण मेहमानों की आवाजाही सबके घरों में लगी हुई है ऊपर से मौसम जनता को अलग से परेशान किए हुए है कब बारिश के बाद तेज धूप निकल जाए कहा नही जा सकता।गर्मी की उमस से बच्चे बूढ़े सब की हालत बिना बिजली के खराब हो जाती है। वर्तमान में नजदीकी विद्युत वितरण केंद्र (बिजली ऑफिस) अभी बडभूम में स्थित है। जोंधरा, मोहगांव की बिजली पहले बडभूम सब स्टेशन केंद्र से आती थी लेकिन उसे अब उमरवाही से जोड़ दिया गया है । बिजली विभाग की हर साल मैंटनेश के नाम पर हजारों रुपए कागजों में खर्च करने के बाद भी जनता को भारी विद्युत कटौती का सामना करना पड़ रहा है। खुज्जी के वासिम खान ने बताया कि बिजली कटौती होने पर घंटो घंटो नही आती और कारण जानने फोन लगाने पर विभाग से जुड़े अधिकारी फोन भी नही उठाते बार बार लगाने पर उठा भी ले तो उचित कारण की कोई जानकारी नहीं देते

### यही हाल ग्राम बडभूम का है जहां

लंबे वक्त तक बिजली गुल रहने की समस्या रहती है इससे घरों में इलेक्ट्रानिक उपकरण शोपीस बन गए। मोबाइल चार्ज ना होने के कारण लोगो के कई जरूरी काम नहीं हो पाती।बिजली ना होने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी छात्रों को झेलनी पड़ रही है। आजकल बच्चे ऑनलाइन और कंप्यूटर से कनेक्टेड रहकर पढ़ाई करते है

सरकार की तरफ से बिजली को लेकर जो दावे किये जाते हैं, वो खोखले साबित हो रहे हैं,प्रदेश में बिजली का संकट गहराने लगा है. जिस समय बिजली की सबसे अधिक जरूरत होती है तभी काट दिया जाता है.

आज के दिनचर्या में बिजली अनिवार्य हो गया है. बिना बिजली के कोई काम नहीं हो सकता है.

### कई बार की है शिकायत, लेकिन नहीं हुई कोई सुनवाई-

खुज्जी के रोशन मालेकर और जोंधरा के साजिद खान ने हमें बताया कि बार बार होने वाली कटौती की शिकायत अन्य लोगो द्वारा की गई, लेकिन बिजली विभाग से इसका कोई भी हल नहीं निकाला गया है। इनका कहना है कि विभाग के कर्मचारी इन्हें बस दिलासा देते हैं कि जल्द ही ये समस्या ढीक हो जायेगी जो की मात्र आश्वासन की खानापूर्ति रहती है दर्री के संदीप (संदीप ऑटो पार्ट्स) ने हमे बताया कि राजा खुज्जी में दुकानों की बहुतायत है यहां की सभी दुकानें किसी न किसी रूप में बिजली से जुड़ी हुई है चाहे ऑटो पार्ट्स में गाड़ी धोना हो ,मोबाइलरिपेयरिंग,ऑनलाइन सेंटर, आटा चक्की,इलेक्ट्रोनिक दुकानें, वेल्डिंग शॉप ऐसे हीं कई दुकानें इससे प्रभावित होती है

राजू गिरी गोस्वामी ने बताया कि लगातार हो रहे कटौती से जनता में काफी आक्रोश व्याप्त है और चौक चौराहों पे बिजली विभाग में शिकायती घेराव करने की बात आम हो गई है।

**कनिष्ठ यंत्री जेई नायक**

जहां से फाल्ट की समस्या आ रही थी उसे चेक कर के सुधार दिया गया है , मौसम में तेज हवा,बारिश के कारण कभी कभी दिक्कत आ जाती है।

**संपादकीय**

## 33 साल बाद फिर जाति की राजनीति

कहते हैं कि इतिहास अपने को दुहराता है लेकिन इतिहास की गलती से सबक नहीं लेने वाले वही गलती दोबारा करते हैं। अच्छे राजनेता वह होते हैं जो अपने पहले के नेताओं की गलती से सबक लेकर वही गलती फिर नहीं करते हैं। जो गलती एक बाद देश के नेता कर चुके हैं तथा देश उसका खामियाजा आज तक भुगत रहा है। जनता उस गलती का खामियाजा आज तक भुगत रही है। शासन करने वाले चाहे अंग्रेज हो या भारतीय शासन करने का सबसे आसान तरीका यही होता है कि जनता को एक न होने दो, उसे हमेशा जाति,भाषा,वर्ग,धर्म के नाम पर बांटते रहो। बंटे हुए समाज पर शासन करना आसान होता है। समाज एकजुट होता है तो शासन को उसकी बात माननी पड़ती है, समाज कमजोर रहता है तो उसे शासन की बात माननी पड़ती है। फिर शासन तय करता है कि समाज के लिए अच्छा बुरा क्या है। समाज मजबूर होता है तो वह खुद तय करता है कि उसके लिए अच्छा बुरा क्या है, फिर उसकी बात शासन को माननी पड़ती है। देश में जातिवादी ताकतें 2014 के बाद से परेशान हैं कि एक एक राज्य से सत्ता उसके हाथ से खिसकती जा रही है। उसकी जगह समाज को जोड़ने वाली, समाज को एकजुट करने वाली ताकते सत्ता पर काबिज हो गई हैं। उसे हटाने के लिए जरूरी है कि एकजुट समाज को जाति के नाम पर टुकड़ों टुकड़ों में तोड़ दिया जाए। बिहार में नीतीश कुमार ने वही गलती की है जो वीपी सिंह तीन दशक पहले की थी। उसका खामियाजा वीपी सिंह को भुगतना पड़ा था। वीपी सिंह की गलती के कारण जातिवादी परिवार सत्ता में आ गए और जाति के नाम पर दो दशक तक सत्ता पर रहे। जाति की राजनीति का जाति को कोई फायदा नहीं हुआ। न तो उनको आरक्षण का लाभ मिला, न ही सत्ता में हिस्सेदारी मिली। 33 साल पहले जाति के नाम पर लोगों समझाया गया कि जाति की राजनीति से जाति को फायदा होगा, लोगों ने यकीन कर लिया,उस वक्त लोगों को उम्मीद थी कि उनको फायदा होगा. 33 साल में उन लोगों को पता चल गया है कि जाति की राजनीति से दबंगों को फायदा होता है। जो रसूख वाले परिवार व लोग हैं, उन्हें ही आरक्षण व राजनीतिक हिस्सेदारी में ज्यादा फायदा मिलता है। इससे जाति के कुछ परिवारों को जरूर फायदा होता है लेकिन पूरी जाति को कोई फायदा नहीं होता है। पिछड़ों का आरक्षण मिलता है तो अति पिछड़े को नहीं मिलता है। 33 साल पहले पिछड़ों के नाम पर राजनीति कर जातिवादी नेताओं ने सत्ता का सुख भोगा अब वह अति पिछड़े नाम पर राजनीति कर सत्ता का सुख भोगना चाहता हैं। लेकिन अति पिछड़ा वर्ग मोदी के युग में इतना समझ गया हैं कि परिवारवादी दल तो अपने परिवार का भला ही सोचेंगे इसलिए वे सब पीएम मोदी के नेतृत्व में खुद को ज्यादा सुरक्षित समझ रहे हैं। यही वजह है कि यूपी में जाति की राजनीति करने वाले सत्ता में नहीं है तथा समाज को एकजुट कर सत्ता में हिस्सेदारी देने वाले पीएम मोदी व भाजपा सत्ता में हैं। पीएम मोदी व भाजपा ने गरीबों को गैस,शौचालय,बिजली,पानी, चिकित्सा, राशन के जरिए यह एहसास दिलाया वह जाति धर्म के नाम पर लोगों को सुविधाएं नहीं देती है, वह गरीब लोगों को समान रूप से सुविधाएं देने में यकीन रखती । इसका परिणाम है कि जातिविहीन एक बड़ा लाभार्थी वर्ग मोदी के साथ है। उसी लाभार्थी वर्ग के कारण पीएम मोदी दो बार सत्ता हासिल कर चुके हैं तथा तीसरी बार भी हासिल कर सकते हैं। मोदी को यकीन है कि ज्यादातर लोग जाति की जगह देश के लिए सोचते हैं। इसलिए वह अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हैं. वहीं जातिवाही राजनीतिक दल फिर एक बार जाति के भरोसे देश की सत्ता हासिल करना चाहते हैं लेकिन वे हमेशा की तरह असफल रहेंगे। क्योंकि जनता जातिवादी नेताओ को देश पर शासन करने लायक नहीं समझती है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए अनुकुल रहेगा। किसानों के लिए दिन अच्छा रहेगा। फसल अच्छी होने से मन प्रसन्न रहने वाला है। मौसम परिवर्तन से बुजुर्गों की सेहत में थोड़ा उतार चढ़ाव होने की संभावना है। काफी समय से एक ही जगह काम कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा। आज शाम का समय अपने परिवार के साथ बिताएंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। आपके बेटे को किसी क्षेत्र में अच्छे विकास से आपको खुशी मिलेगी। अपनी बचत को लंबे समय के लिए निवेश कर सकते हैं। आज के दिन फिजूल के खर्चों से बचने की आवश्यकता है। छात्रों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी। जीवनसाथी आपकी भावनाओं की कद्र करेंगे।

**मिथुन:** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होगी। आज जीवनसाथी किसी जरूरी बात को आपसे शेयर करेंगे। उनकी बात को जरूर समझेंगे। आज व्यापार में आपको रोज की अपेक्षा अधिक मुनाफा होगा। इनफार्मेशन टेक्नोलोजी के स्टूडेंट के लिए आज का दिन ख़ास है।

**कर्क :** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। सामाज सेवा से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहने वाला है, आज आपको लोगों का सपोर्ट मिलेगा। दांपत्य रिश्ते में ख़ुशी का माहौल बनेगा। जॉब की तालाश ख़त्म होगी, जिससे अपनी जरूरतों को पूरा करेंगे। होम ट्यूशन दें रहे लोगों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लवमेट आज साथ में घूमने जायेंगे। लेखन का कार्य कर रहे लोगों को आज सम्मानित किया जायेगा।

**सिंह :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप नया घर खरीदने का विचार बनायेंगे। परिवार के लोगों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में आपकी मेहनत से अच्छा लाभ होगा। आज बाहर के तली भुनी चीजों को खाने से परहेज करें। आज किसी से भी बात करते समय अपनी भाषा पर नियंत्रण बनाये रखें। लवमेट एक दूसरे को बेहतर समझेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में बेहतर सुधर होगा।

**कन्या :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। छात्र अपनी प्रगति की ओर अग्रसर रहेंगे। कारोबार में आ रही किसी रुकावट का आज समाधान मिल जायेगा। जिससे काम अच्छा चलेगा। फंडिंग एजेंसी से जुड़े लोगों को अन्य लोगों का सहयोग मिलेगा। परिवार में सुख समृद्धि का माहौल बना रहेगा। विदेश में नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज नए अवसर प्राप्त होंगे। किसी बड़ी कंपनी से जॉब का ऑफर आयेगा।

**तुला :** आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लाने वाला है। किसी बड़ी खुशखबरी से परिवार में उत्सव का माहौल बना रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। आज किसी को दिए हुए रुपये आपको वापस मिलेंगे। रुके कामों को पूरा करने का आज सही समय है। आज आपको बेवजह किसी से उलझने से बचना चाहिए। व्यापार को बढ़ाने के लिए आज किसी अनुभवी से सलाह लेंगे।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होने वाला है। सकारात्मक सोच के साथ व्यापार में निवेश के लिए आज का दिन आपके पक्ष में रहने वाला है। प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज आप घरेलू जिम्मेदारियों को भली-भांति निभाएंगे। नवविवाहित दंपत्ति आज घूमने जायेंगे। पहले की गयी मेहनत का आज अच्छा परिणाम मिलेगा। आज आपको अपने आस-पास हो रही गतिविधियों पर ध्यान रखने की जरूरत है।

**धनु :** आज का दिन उत्साह से भरपूर रहने वाला है। किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या के उपचार होने से खुद को बेहतर महसूस करेंगे। दांपत्य जीवन में आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आज ऑनलाइन आर्डर मिलने से आपको अधिक लाभ होगा। आज किसी दोस्त से आपकी मुलाकात हो सकती है, जिससे आपको बहुत ख़ुशी होगी। अपना बिजनेस बढ़ाने के लिए आप नई योजनाएं बना सकते हैं, जिससे भविष्य में आपको लाभ मिलेगा।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लाएगा। नया बिसनेस शुरू करने में आपको सफलता मिलेगी। अच्छा लाभ होगा। छात्रों को अपनी पढाई पर विशेष ध्यान देने की अवश्यकता है। प्राइवेट शिक्षकों को पदोन्नति मिलने के अच्छे योग बन रहे हैं । बिजनेस साझेदार के साथ ताल मेल बनाकर चलने से आपको लाभ मिलेगा। किसी भी बात को आज सोच-विचार कर बोलने की आवश्यकता है।

**कुम्भ :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। जिससे आपकी दोस्ती मजबूत बनेगी। शिक्षकों के लिए दिन ऊर्जा से भरा रहने वाला है। काम के प्रति आपका डर खत्म होगा। काम करने में मन लगेगा । व्यापारिक क्षेत्र में लाभ के समाचार प्राप्त होंगे। आज आपकी आमदनी बढ़ने से बचत करने में सफल रहेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा पल लेकर आया है। किसी चीज को पाने की कामना आज पूरी होगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। किसानों की फसल की पैदावार अच्छी होगी। परिवार में नन्हे मेहमान के आगमन से ख़ुशी का माहौल बनेगा। बिजनेस को बढ़ाने के लिए आज आप कुछ ठोस कदम उठा सकते हैं। मेडिसिन कंपनी में कार्यरत लोगों का काम अच्छा चलेगा।

# महिला आरक्षण,किस करवट बैठेगा ऊंट

**राजनीति**
**निर्मल रानी**



केंद्र सरकार ने गत 18 से 22 सितंबर के बीच पांच दिनों के लिए 17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र विशेष बुलाया था। इन्हें विशेष सत्र के रूप में बुलाया गया था। किसी भी दल अथवा नेता को संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे की आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं थी। हाँ तरह तरह के क़यास ज़रूर लगाए जा रहे थे। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग,जी-20 के आयोजन और भारत के लक्ष्यों पर इस सत्र के दौरान व्यापक चर्चाओं की संभावना थी। यह भी उम्मीद थी कि शायद सरकार देश का नाम ढ्ढहृष्ठढ्ढ के बजाय केवल भारत रखने सम्बन्धी फ़ैसला ले सकती है। यह भी क़यास थे कि शायद यूनिफ़ॉर्म सिविल कोड पर कोई फ़ैसला हो, 'एक देश एक चुनाव' पर कोई निर्णय हो या फिर पुराने संसद भवन को अलविदा कहने और नवनिर्मित संसद भवन में प्रवेश करने की औपचारिकता पूरी की जाये। इन सभी क़यासों में एक यह भी था कि विभिन्न राज्यों की चुनाव पूर्व की बेला में महिला आरक्षण विधेयक भी पारित करा दिया जाये। हालांकि इस सत्र के लिये 18 से 22 सितंबर के बीच की तिथि चुने जाने पर शिव सेना सहित कई दलों ने हैरानी जताई थी। क्योंकि इन्हीं दिनों में देश के बड़े हिस्से में गणेश चतुर्थी जैसा महत्वपूर्ण त्यौहार आयोजित किया जा रहा था। और अनेक राजनेता इस त्यौहार में व्यस्त रहा करते हैं। शिव सेना (उद्धव ) ने तो इसके लिए चुनी गई तारीख़ों पर आश्चर्य जताते हुये यहां तक कह दिया था कि - ÷गणेश चतुर्थी के त्योहार के समय ये विशेष सत्र बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है और हिंदू भावनाओं के विरुद्ध है।

परन्तु संसद का यह विशेष सत्र सत्र बुलाया तो ज़रूर गया परन्तु 22 सितंबर तक चलने वाला विशेष सत्र 21 सितंबर को ही समाप्त कर दिया गया। यानी अपनी निर्धारित समय सीमा से एक दिन पहले ही सत्रावसान कर दिया गया। इस बीच सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' की संभावना तलाशने के लिए एक समिति गठित की। देश की संसद के कर्णधार नेताओं को याद करते हुये पुराने संसद भवन को अलविदा कहा गया और नये संसद भवन में सत्र चलाने की शुरुआत भी की गयी। और इसके साथ ही लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण पर भी विधेयक ला कर इसे पारित कराया गया। इसे लोकसभा व राज्यसभा में अभूतपूर्व समर्थन मिला। गोया पक्ष विपक्ष के सर्वसम्मति से इस विधेयक ने अधिनियम का रूप ले लिया। और सरकार ने इस विधेयक का लोकलुभावन नाम 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रखा। अब इस अधिनियम



को राज्य विधानसभाओं की मंजूरी की आवश्यकता होगी। तथा इसे नई जनगणना के आधार पर तथा लोकसभा व विधानसभा की सीटों के परिसीमन के बाद लागू किया जाने का प्रावधान है। सरकार के मुताबिक़ महिला आरक्षण विधेयक साल आगामी लोकसभा चुनाव तक लागू होने की संभावना नहीं है। इस अधिनियम के लागू होते ही प्र धानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में पार्टी महिलाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसी समय यह तस्वीर साफ़ हो गयी थी कि आगामी चुनावों में महिला आरक्षण का यह मुद्दा मुख्य मुद्दा बनने जा रहा है। संसद में भी इस मुद्दे पर बोलते हुये विपक्ष ख़ासकर कांग्रेस ने इसे तत्काल लागू करने की मांग की थी। उससे भी यह ज़ाहिर हो गया था कि कांग्रेस भी महिला आरक्षण के मुद्दे का श्रेय लेने में पीछे रहने वाली नहीं है।

ग़ौरतलब है कि इसी वर्ष नवंबर-दिसंबर के मध्य मिज़ोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसके बाद अगले वर्ष मई-जून में लोकसभा चुनावों के साथ ही आंध्र प्रदेश, उड़ीसा , सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इसलिये महिला आरक्षण के मुद्दे के बहाने आधी आबादी के वोट बैंक पर झपटने की तैयारी में भाजपा व कांग्रेस यानी पक्ष विपक्ष दोनों ही पूरी तरह से कमर कस चुके हैं। कांग्रेस इसे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के सपनों का विधेयक बता रही है। कांग्रेस इसे तत्काल लागू न करने के लिये मोदी सरकार की मंशा पर सवाल उठा रही है। सरकार द्वारा जनगणना व परिसीमन के बाद महिला आरक्षण लागू किया जाने की शर्त को सरकार की बहानेबाज़ी बताते हुये सरकार की नीयत पर ही सवाल उठा रही है। गत 25 सितम्बर को कांग्रेस पार्टी की 21 प्रमुख महिला नेत्रियां द्वारा उत्तर प्रदेश के 21 शहरों में व देश की अधिकांश राजधानियों में महिला आरक्षण तत्काल लागू न करने के लिये सरकार को घेरने तथा इस इस विधेयक को कांग्रेस की देन बताने के लिये बाक़ायदा प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। और यह संकेत दे दिया गया कि भविष्य में होने वाले सभी विधानसभा चुनावों से लेकर लोकसभा चुनावों तक कांग्रेस इस विधेयक का श्रेय लेने और इसे फ़ौरन लागू न करने के लिये भाजपा को ज़िम्मेदार ठहराने में कोई कसर छोड़ने वाली नहीं है। ख़ास तौर पर विपक्षी गठबंधन ढ्ढहृष्ठढ्ढ के गठन के बाद तो कांग्रेस के हौसले और भी बुलंद हैं और पूरा विपक्ष भी यही कोशिश करेगा कि इस मुद्दे का श्रेय भाजपा किसी भी सूरत में न लेने पाये।

दूसरी तरफ़ भाजपा की ओर से स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण अधिनियम का श्रेय लेने और साथ ही इसमें तीन दशक का समय लगने के लिये कांग्रेस को ही ज़िम्मेदार बताने का आक्रामक अभियान छेड़ दिया है। पिछले दिनों चुनावी राज्य मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रधानमंत्री ने जन संघ के सह संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पार्टी कार्यकर्ता के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुछ इस अंदाज़ में अपनी बात कही - उन्होंने कहा कि-÷आज बड़ी संख्या में मेरी बहनें और बेटियां आई हैं । आपको जो मोदी ने गारंटी दी थी, वह भी पूरी हो गई थी। कुछ दिन पहले लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का क़ानून पारित हो गया। लंबे समय से देश इसका इंतज़ार कर रहा था। मोदी है, तो हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है। मैं एमपी समेत पूरे देश की बहनों को सावधान करना चाहता हूं। कांग्रेस और उसके नए-नए घमंडियां गठबंधन ने मजबूरी में खट्टे मन से समर्थन किया है। बे मन से किया है। यह खट्टापन उनके बयानों में दिखाई देता है। यह उनके गठबंधन में जितने लोग हैं, यह वही लोग हैं, जिन्होंने 30 साल तक क़ानून पास नहीं होने दिया। संसद में हंगामा किया, और बिल फाड़ दिए। अब मजबूरी में बिल का समर्थन किया है। अब जब समझ गए कि, इनकी चाल चरित्र सबके सामने आ गया है, तो कहने लगे कि, यह क्यों नहीं किया, वह क्यों नहीं किया। महिला आरक्षण को लेकर भाजपा व कांग्रेस दोनों की एक दूसरे के प्रति दिखाई जा रही इसतरह की आक्रामकता जहाँ आगामी चुनावों में यह साबित करेगी कि यह मुद्दा आधी आबादी को कितना प्रभावित करेगा वहीं इसके प्रति इसी आधी आबादी का रुख़ यह भी तय करेगा कि 'महिला आरक्षण का ऊंट' किस करवट बैठेगा।

# क्या राजनीति में स्वच्छता का मोदी जादू चलेगा?

**चर्चित मुद्दा**
**ललित गर्ग**



देश में स्वच्छता अभियान से ज्यादा जरूरी हो गया राजनीतिक स्वच्छता अभियान। क्योंकि आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये राजनीति का शुद्धिकरण यानी अपराध एवं भ्रष्टाचारमुक्त होना अपेक्षित है। आज कौन-सी पार्टी है जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता का पालन कर रही है? शोचनीय बात यह है कि अब भ्रष्टाचार, आतंकवाद एवं साम्प्रदायिकता को पोषित करने वाले एवं देशविरोधी राजनीति के दोषी शर्मसार भी नहीं होते। इस तरह का राजनीतिक चरित्र देश के समक्ष गम्भीर समस्या बन चुका है। राजनीति की बन चुकी मानसिकता और भ्रष्ट आचरण ने पूरे लोकतंत्र और पूरी व्यवस्था को प्रदूषित कर दिया है। स्वहित और स्वयं की प्रशंसा में ही लोकहित है, यह सोच हमारी राजनीति में घर कर चुकी है। यह रोग राजनीति को इस तरह जकड़ रहा है कि हर राजनेता लोक के बजाए स्वयं के लिए सब कुछ कर रहा है। अधिकतर राजनीतिकों का मकसद बस किसी तरह चुनाव जीतना और सत्ता में जाना हो गया है। चुनाव जीतने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जाता है, और सत्ता में आने पर पैसा बनाने के सारे हथकंडे अपनाए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ वर्ष पहले स्वच्छता अभियान छेड़ा, जिसका व्यापक असर हुआ। अब देश में दूषित होती राजनीति में स्वच्छता अभियान शुरू करने की पहल करने की अपेक्षा है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं और इसके बाद अगले वर्ष लोकसभा चुनाव का बिगुल बज उठेगा। ऐसे दौर में राजनीति में सुधार की कोरी बातें ही नहीं बल्कि संकल्पित होने का वक्त आ गया है। यह वक्त देखा जाए तो चुनाव सुधार एवं राजनीति में नैतिक मूल्यों को बल देने का बिगुल बजाने का है। चुनाव में अच्छे एवं ईमानदार, लोग चुन कर आएं इसके लिए राजनीति में अपराधियों का प्रवेश तो रोकना ही होगा, वंशवाद, जातिवाद, धनबल व बाहुबल जैसी राजनीति में घुस आई गंदगी को साफ करने के लिए 'जागरूकता की झाड़ू' को उठाना ही होगा। अभी तो आम धारणा यही बनती जा रही है कि ईमानदारी के बलबूते चुनाव जीतना आसान नहीं है। लेकिन आगामी चुनावों में इस धारणा को बदल देना है। चुनाव सुधारों को लेकर उच्चतम न्यायालय से लेकर चुनाव आयोग तक की सिफारिशें एवं सुझाव हर बार हवा होते रहे हैं। उन पर अमल करने की परवाह किसी को नहीं होती। ठीक इसी तरह राजनीति के शुद्धिकरण का संकल्प भी हर चुनाव में खारिज होता रहा है, लेकिन कब तक? प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति में नैतिक एवं ईमानदार चेहरा को प्रोत्साहन दिया है। ऐसा करके उन्होंने यह भी जता दिया कि राजनीति की चली आ रही परिभाषाएं अब बदलने लगी है। अब मोदी के नाम पर उन राज्यों में चुनाव जीतने के कीर्तिमान स्थापित हुए है, जहां चुनाव जीतना किन्हीं खास धनबल, बाहुबल एवं अपराधिक तत्वों के नाम लिखे हुए थे।

बात लोकसभा चुनाव की नहीं, विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों की है कि मोदी के नाम पर ये चुनाव इतने सफल क्यों एवं कैसे हो रहे हैं? पार्टी के कद्दावर नेता, जिनके बिना राज्य में चुनाव जीतना असंभव माना जाता रहा है, उन नेताओं के नाम की बजाय मोदी के नाम पर वोट मांगने की परम्परा मजबूत एवं सफल होती जा रही है, क्योंकि मोदी एक प्रतीक है विकास का, मूल्यों का, जन समस्याओं के समाधान का। गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान पहले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने हिंदू हृदय सम्राट की छवि बनाई। दूसरे कार्यकाल के बाद विकास, शांति एवं सौहार्द का प्रतीक बन गए। गुजरात मॉडल का प्रचार इतना जबर्दस्त रहा कि अन्य राज्यों में भी इसकी चर्चा होने लगी। बिहार-यूपी जैसे सुदूर क्षेत्रों के लोग भी गुजरात मॉडल की बात करने लगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद ब्रांड मोदी और भी मजबूत हो गया। 2019



लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद मोदी अपराजेय दिखने लगे। 2024 के चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया के सामने यही सवाल खड़ा है कि नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाला नेता कौन होगा? इंडिया के सामने नेता घोषित करने की दोहरी चुनौती है। अगर चुनाव से पहले इंडिया का नेता चुन लिया गया, तो उसकी तुलना नरेंद्र मोदी से होगी। अगर नहीं चुना गया तो विपक्ष बिखरा ही दिखाई देगा। नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में आलोचना की परवाह किए बगैर कई ऐस देशहित के बड़े फैसले लिए, जिनसे न सिर्फ विपक्ष बल्कि भारत की जनता भी चौंक गई। नोटबंदी, उड़ी हमले के बाद पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक, पाकिस्तान समर्थित कश्मीर में एयर स्ट्राइक की विपक्ष ने आलोचना की, कश्मीर में राजनीतिक स्थिति में भारी बदलाव करते हुए विधानसभा सहित केंद्रशासित प्रदेश बना दिया तथा लद्दाख को भी जम्मू कश्मीर से अलग करके उसे भी अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया। इन निर्णयों से कश्मीर के नेता बौखला गये, भारी विरोध किया, मगर नरेंद्र मोदी ने इस पर कभी अफसोस नहीं जताया। कोरोना की दूसरी लहर में लॉकडाउन के फैसला भी विरोधियों के निशाने पर रहा। सीएए को लेकर भी काफी हो-हल्ला हो चुका है। 2024 के चुनाव में जाने से पहले नरेंद्र मोदी चौंकाने वाला फैसला ले सकते हैं। 18 सितंबर 2023 से संसद का विशेष सत्र में नारी वन्दन विधेयक पारित किया। वैसे चुनाव से पहले राम मंदिर का उद्घाटन होना तय है।मोदी की साफ-सुथरी छवि एवं भ्रष्टाचारमुक्त राजनीति का ही परिणाम है कि विपक्ष की अनेक कोशिशों के बावजूद वे उनके खिलाफ कोई एक भी मुद्दा नहीं खोज पाये। केंद्र की मोदी सरकार ने राजनीति में बड़े बदलाव भ्रष्टाचार और करप्शन के मुद्दे पर किए हैं। 1989 के चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बोफोर्स का मुद्दा उछाला था। बोफोर्स से जुड़े कांग्रेस नेताओं के नाम पर उन्होंने चुनाव जीता। नरसिंह राव की सरकार भी घोटालों के घिरी थी, जिसका फायदा बीजेपी समेत विपक्ष को मिला था। 2014 में मनमोहन सिंह की सरकार कोयला घोटाले, 2जी और कॉमनवेल्थ घोटाले की चर्चा के बीच चुनाव में गई थी, नतीजा कांग्रेस चुनाव हार गई। कांग्रेस ने भी लगातार नरेंद्र मोदी सरकार को घोटाले पर घेरने की कोशिश की, मगर ब्रांड मोदी के सामने उसे चुनावी मुद्दा नहीं बना पाई। 2019 में कांग्रेस ने राफेल में करप्शन का मुद्दा उठाया। नोटबंदी में करप्शन के आरोप लगाए। अडानी और अंबानी के मुद्दे को चुनाव में उठाया, मगर मोदी मैजिक के सामने सारे वार फेल हो गए। 2024 से पहले कांग्रेस फिर अडानी और अंबानी के इर्द-गिर्द घूम रही है। इससे उलट इंडिया के कई नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच चल रही है।

देश में आशावाद और सकारात्मकता का माहौल है, लोग जी20, चंद्रयान और अर्थव्यवस्था की सफलता का उत्सव मना रहा है, 2024 में एक बड़ी जीत के लिए आश्वस्त दिखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को अपराध एवं भ्रष्टाचारमुक्त करने की ठानी है तो यह समय आम मतदाता के जागरूक एवं सर्तक होने का भी है। राजनीति में सुधार चाहने वालों के लिए यह घर बैठने का समय नहीं है। राजनीति में नैतिकता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच चुनाव सुधारों की कोरी बातें ही नहीं बल्कि उन पर अमल लाने की भी जरूरत है। सबसे बड़ी जिम्मेदारी राजनीतिक पार्टियों की है कि वे ठोक-बजाकर उम्मीदवारों का चयन करें। चिंता इस बात की है कि जनता ही दागियों को वोट देकर सत्ता में लाती है। इसलिए प्रमुखतः राजनीति में स्वच्छता के लिए कदम उसे भी बढ़ाने होंगे। वर्ना मोदी का करिश्मा एवं जादू तो अपना असर दिखायेगा ही, क्योंकि उनके पास सत्य एवं नैतिकता का बल है। मोदी ने ही देश पर लगे गरीब होने के दंश को हटाने की सार्थक पहल की है, उन्हीं के शब्दों में लंबे वक्त तक, भारत की पहचान एक अरब से अधिक भूखे पेटों वाले देश के रूप में रही है, लेकिन अब, भारत को एक अरब से अधिक उम्मीदों से भरे दिमाग, दो अरब से अधिक कुशल हाथों और करोड़ों युवाओं के देश के रूप में देखा जा रहा है। ऐसी स्थितियों में मोदी के नाम पर मांगे जा रहे वोट उन्हें ऐतिहासिक जीत दे तो कोई आश्चर्य नहीं है।

**सेहत**

# ज्यादा देर तक फोन चलाने से जा सकती है आंखों की रोशनी, हो सकते हैं अंधे

अगर आप भी दिनभर अपने मोबाइल फोन से चिपके रहते हैं तो अलर्ट हो जाइए. क्योंकि यह आपकी आंखों की रोशनी भी छीन सकता है. हेल्थ एक्सपर्ट्स भी स्मार्टफोन के साइड इफेक्ट्स से सावधान करते हैं. क्योंकि इससे जुड़ी समस्याएं काफी गंभीर (स्द्बड्डह्लद्बश्चद्धशठ्ठद्द स्द्बस्नद्द श्चद्धद्बद्दष्ह्लद्य) हैं. ज्यादा फोन चलाने से सेहत से जुड़ी कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फोन की स्क्रीन के संपर्क में ज्यादा रहना खतरों से भरा हुआ है. बच्चों में इसकी वजह से ग्लूकोमा की बीमारी तेजी से बढ़ रही है.जानें ज्यादा फोन चलाना क्यों खतरनाक है...

**स्मार्टफोन से आंखों को बचाएं**-ज्यादा देर तक मोबाइल फोन चलाने से आंखों की रोशनी पर निगेटिव असर पड़ता है. इसकी वजह से ड्राई आइज की समस्या हो सकती है. आपकी यह आदत ग्लूकोमा के खतरे को भी बढ़ा सकता है, जो अंधेपन का कारण भी बन सकता है. स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट्स आंखों के लिए खतरनाक होती हैं.

**फोकस करने में परेशानी**-हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, स्मार्टफोन की आभासी दुनिया दिमाग को विचलित कर सकती है. यह दिमाग पर बुरा असर छोड़ सकती है. यह भ्रम की स्थिति भी पैदा कर सकता है. ऐसे बच्चे तो ज्यादा देर तक मोबाइल पर समय बिताते हैं, उनका फोकस पढ़ाई पर सही तरह नहीं बन पाता है.

**मेंटल हेल्थ पर असर**-स्मार्टफोन पर वीडियो गेम और दूसरे ऐप का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों में स्ट्रेस और डिप्रेशन बढ़ाने वाला हो सकता है. यह मेंटल हेल्थ को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है. लगातार फोन के इस्तेमाल से सिरदर्द और माइग्रेन का खतरा बढ़ा सकता है. इसलिए दिमाग को बेहतर रखने के लिए स्क्रीन टाइम को कम करना चाहिए.

**स्मार्टफोन को लेकर अलर्ट**-एक्सपर्ट्स मोबाइल फोन के खतरों से अलर्ट करते हैं. उनका कहा है कि इसका लंबे समय तक बुरा असर देखने को मिल सकता है. इसलिए रात में सोने जाने के करीब एक घंटे पहले स्क्रीन से बचना चाहिए. नोटिफिकेशन मैनेज करें, ताकि बार-बार फोन का इस्तेमाल न करना पड़े. इसके अलावा मोबाइल पर आई प्रोटेक्शन भी लगाएं, जिससे आंखों को इसके नुकसान से बचाया जा सके.

## इन बीमारियों से बचाना है तो ब्रेस्टफीडिंग जरूरी करवाएं

ब्रेस्टफीडिंग नवजात शिशु और उसकी मां के लिए कई मायनों में लाभदायक होता है. मां का दूध शिशु के लिए पौष्टिक तत्वों का अमूल्य स्रोत होता है और ब्रेस्टफीडिंग से बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है. इससे शिशु में संक्रमण, एलर्जी आदि कई बीमारियों का खतरा कम हो जाता है. वहीं मां के लिए भी ब्रेस्टफीडिंग कई फायदे होते हैं.यह मां के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभदायक हो सकता है. कई शोधों से पता चला है कि स्तनपान कराने वाली महिलाओं में स्तन कैंसर, ओवरियन कैंसर, डायबिटीज और पोस्टपार्टम डिप्रेशन का खतरा कम हो जाता है और इससे वजन कम करने में भी मदद मिलता है.

**स्तन कैंसर का खतरा** -डॉक्टरों के अनुसार, जो महिलाएं स्तनपान नहीं करातीं, उनमें स्तन कैंसर होने का खतरा काफी अधिक होता है. यह एक साबित तथ्य है कि स्तनपान स्तन कैंसर से बचाव में मददगार हो सकता है. इसलिए, महिलाओं को स्वयं और अपने बच्चे के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान जरूर कराना चाहिए. स्तनपान न कराकर वे स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का शिकार हो सकती हैं. स्तन कैंसर से बचने का सबसे अच्छा तरीका है स्तनपान कराना.

**लैक्टेशन अमेनोरिया**-जब कोई महिला स्तनपान नहीं करती है तो उसे लैक्टेशन अमेनोरिया होने का खतरा रहता है. लैक्टेशन अमेनोरिया एक ऐसी स्थिति है जो आमतौर पर स्तनपान नहीं करवाने वाली महिलाओं को देखी जाती है. लैक्टेशन अमेनोरिया में महिलाओं को अपने मासिक धर्म में रुकावट और अनियमितता महसूस होती है. यह स्थिति स्तनपान बंद होने के बाद प्रोलैक्टिन नामक हार्मोन के स्तर में अचानक गिरावट की वजह से उत्पन्न होती है.

**ओवरियन कैंसर** -ओवरियन कैंसर महिलाओं में सबसे आम कैंसरों में से एक है. इसके कई कारण हो सकते हैं लेकिन कई शोधों से पता चला है कि जो महिलाएं स्तनपान करवाती हैं उनमें ओवरियन कैंसर होने की संभावना काफी कम होती है. स्तनपान करवाने से शरीर में प्रोलैक्टिन और एस्ट्रोजन जैसे हार्मोन्स का स्तर बढ़ता है जो ओवरियन कैंसर से सुरक्षा प्रदान करते हैं.इसलिए, महिलाओं को स्वयं और अपने बच्चे के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान अवश्य कराना चाहिए. स्तनपान न करवाने से ओवरियन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है.

**वजन कम होना**-स्तनपान के कई फायदे हैं जिनमें से एक यह भी है कि इससे मां का वजन कम हो सकता है. स्तनपान के दौरान मां के शरीर में ऊर्जा खपत होती है जिससे गर्भावस्था के दौरान जमा हुई अतिरिक्त चर्बी घटने लगती है. एक अध्ययन के अनुसार, स्तनपान कराने वाली माताएं उन माताओं की तुलना में अधिक वजन घटा पाती हैं।

## एक नजर

### एनएमडीसी ने स्थापना के बाद अब तक का सर्वोत्तम एच-1 प्रदर्शन दर्ज किया



**हैदराबाद, 4 अक्टूबर ।** भारत का सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने सितंबर 2023 माह में लौह अयस्क के 3 मिलियन टन उत्पादन और 3.11 मिलियन टन बिक्री के साथ शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है, जो कि उत्पादन में 10त्न और बिक्री में 7त्न माह-दर-माह वृद्धि के साथ स्थापना के बाद अब तक का सर्वोत्तम प्रदर्शन है । इस राष्ट्रीय खनिक ने सितंबर 2023 तक लौह अयस्क के 19.56 मिलियन टन उत्पादन और 20.53 मिलियन टन बिक्री के साथ शानदार अर्ध-वार्षिक प्रदर्शन रिकार्ड किया है । पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन और बिक्री आंकड़ों में क्रमश- 21त्न और 25त्न की महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ इसने स्थापना के बाद अबतक का ऐतिहासिक सर्वोत्तम प्रथम अर्ध-वार्षिक (एच-1) उत्पादन और बिक्री का कीर्तिमान स्थापित किया है । कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा कि, 'एनएमडीसी परिवर्तन की राह पर अग्रसर है और हमारे आँकड़े इस बात की गवाही देते हैं । अपनी दृढ़ योजनाओं, द्रुत प्रोद्योगिकी में उन्नति और सुसंगत निगरानी के साथ हमने कंपनी के इतिहास में हमारा सर्वोत्तम एच-1 प्रदर्शन हासिल किया है । एनएमडीसी ने मानसून के दौरान भी महत्वपूर्ण वृद्धि की है और हम इस बढ़त को बरकरार रखते हुए वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन का लक्ष्य प्राप्त करेंगे ।' इस्पात की खपत को बढ़ाने के लिए सुसंगत प्रयासों और देश में घरेलू इस्पात की मांग में वृद्धि को पूरा करने के लिए कच्चे माल की निरंतर आपूर्ति के साथ एनएमडीसी पुन- एक बार अपने पूर्व-स्थापित रिकार्ड से आगे बढ़ गया है और जिम्मेदार व पर्यावरण-हितैषी खनन पद्धतियों के उद्योग बेंचमार्क को स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है ।

### कार की टक्कर से 3 लोग हुए घायल



**भिलाई,4 अक्टूबर।** भिलाई पद्मनापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कल शाम को राजेंद्र पार्क चौक पर ग्रीन सिग्नल होने पर नगर पालिका निगम भिलाई महापौर के वहां चालक द्वारा एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दो दोपहिया वाहन को ठोकर मार दी। इस दुर्घटना में केंद्रीय जेल दुर्ग की सहायक अधीक्षक एवं उनकी पुत्री भी घायल हुई है। एक दो पहिया वाहन को भी ठोकर मारी जिसके कारण सवार युवक घायल हो गया।श्रीमती वर्षा संतोष कुंजाम 41 वर्ष क्वाटर नंबर जी / 1, जेल कालोनी, केन्द्रीय विद्यालय वर्ष 2021 से केन्द्रीय जेल दुर्ग में सहायक जेल अधीक्षक के पद पर पदस्थ है कल शाम को एक्टीवा क्रमांक ष्ट्र-08-ड्ड - 01 अपनी पुत्री कु0 कोया कुंजाम को बैठा कर बचत बाजार दुकान, निरंकारी फर्नीचर के सामने स्टेशन रोड दुर्ग से खरीदी कर घर लौट रही थी कि राजेन्द्र पार्क चौक पर रेड सिग्नल होने पर खडी थी थोडी देर बाद ग्रीन सिग्नल आने पर गाडी चालू की और रोड क्रास करते समय अचानक शाम 05-45 बजे भिलाई से दुर्ग की तरफ आ रही तेज रफ्तार की कार ईनोवा क्रीस्ट्रा क्रमांक ष्ट्र-07-ड्ड-5554 का चालक अपनी वाहन को लापरवाही पूर्वक काफी तेज गति से चलाते हुए वाहन को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे सहायक जेल अधीक्षक एवं उनकी बेटी कोया एक्टीवा गाडी सहित फेका गये। गाडी रुकने पर देखी कि वाहन के पीछे सीट में नीरज पाल महापौर नगर पालिका निगम भिलाई बैठे थे जो एक्सीडेंट होने के बाद अपने वाहन चालक को घटना स्थल से भगा दिया। एक्सीडेंट से सहायक जेल अधीक्षक वाहन क्षतिग्रस्त हो गई है एक्सीडेंट से सहायक जेल अधीक्षक को सिर, जबडे, दोनों हाथ में तथा शरीर में अंदरूनी चोट आया है तथा पुत्री के सिर के पीछे, पीठ तथा हाथ में चोट आया है।

### विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए विधायक मद से 56 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति

**कांकेर,4 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के मार्गदर्शिका में निहित निर्देशों एवं प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी एवं अंतागढ़ विधायक श्री अनूप नाग की अनुशंसा पर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा विकासखंड दुर्गूकोंदल, चारामा, भानुप्रतापपुर और पखांजूर अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 56 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई

# 160 स्वच्छता दीदीयों का सम्मान जायका रेस्टोरेंट ने किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल,4 अक्टूबर।** स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत स्वच्छता दीदियों की महत्वपूर्ण कार्यक्रम एवं स्वच्छता अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने वाली किरंदुल नगर पालिका की स्वच्छता दीदियों को प्रोत्साहित करने की एक अभिनव पहल किरंदुल नगर में स्थित जायका रेस्टोरेंट के संचालक हारून रशीद ने की है।बता दें सोमवार शाम को किरंदुल नगर पालिका में कार्यरत 160 स्वच्छता दीदीयों का सम्मान ज़ायका रेस्टोरेंट द्वारा किया गया।रेस्टोरेंट संचालक ने कहा कि आज वर्तमान में स्वच्छता दीदियों के अथक परिश्रम से ही स्वच्छ भारत मिशन को सफलता प्राप्त हो रही है।जिस को देखते हुए जायका रेस्टोरेंट के तत्वावधान में 2 अक्टूबर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर स्वच्छता दीदीयों का सम्मान किया गया।मौके पर सफाई दरोगा प्रमोद सिंह,श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना,जिला संयोजक राजेन्द्र सक्सेना,रामकृष्ण बैरागी,शेखर दत्ता,एस एच अज़हर,बबलू सिद्दीकी,चंचल देवांगन एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### गांधी जयंती पर 16 अक्टूबर तक चलाया जाएगा कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा

**कांकेर 4 अक्टूबर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कुष्ठमुक्त भारत के सपने को पूरा करने के उद्देष्य से कुष्ठ रोगियों के प्रति गांधी का सेवाभाव, योगदान को स्मरण करते हुए जिले में 16 अक्टूबर तक कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा मनाया जायेगा, जिसके तहत जिले के सभी ग्राम पंचायतों के ग्रामसभा में एवं सभी स्वास्थ्य संस्थाओं तथा मिडिल से लेकर हायर सेकण्डरी स्कूलों व कॉलेजों में कुष्ठमुक्त ग्राम एवं कुष्ठमुक्त भारत के लिए संस्था प्रमुख द्वारा षपथ दिलाई जाएगी।

## गांधी जयंती पर इंटक ने किया कवि सम्मेलन का आयोजन



**किरंदुल, 4 अक्टूबर।** एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में कार्यरत श्रमिक संघ मेटल माइन वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल के तत्वावधान में दो अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर 8 बजे नगर के गांधी नगर से भव्य सद्धावना पदयात्रा का आयोजन किया गया । पदयात्रा गांधी नगर से प्रारंभ हो कर न्यूटाइप थ्री कालोनी ,पुराना डबल स्टोरी कालोनी से अम्बेडकर चौक ,एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के प्रशासनिक भवन से बसस्टैंड चौक होकर इंटक सदन में समाप्त हुई । पदयात्रा में प्रकाश विद्यालय ,परियोजना विद्यालय ,डी ए वी स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ साथ इंटक यूनियन के सदस्यों एवं नगरवासियों तथा ठेका श्रमिकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया । इंटक सदन में ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रपिता महात्मागांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर मलार्यापन किया गया ।एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । संध्याकाल को परियोजना विद्यालय के प्रांगण में सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया ।कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध कवि मीर अली मीर जी ,कवि अमित दुबे ,कवि कृष्णा भारती सेन ,कवि श्रीमती अन्नपूर्णा पवार ने अपनी देशभक्ति की कविताओं से सैकड़ों दर्शकों को बांधे रखा । इस दौरान इंटक की ओर से सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्यकताओं को भी उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया ।

# इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का ऑनलाइन शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा , 4 अक्टूबर ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने रायपुर निवास कार्यालय से आज इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी ''स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना'' का ऑनलाइन शुभारंभ किया। कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों के कक्षा 12वी के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। जिले में तीन कोचिंग सेंटर बनाए गए है। स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना में मेरिट के अनुसार विद्यार्थियों का चयन किया गया हैं। सभी विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में अध्ययन करने वाले हैं , इस ऑनलाईन कोचिंग कक्षा की यह विशेषता हैं, इसमें टू वे संवाद रहेगा यानि विद्यार्थी विशेषज्ञों से प्रश्न पुछ सकेंगे।

जिले में बनाए गए है तीन कोचिंग सेंटर- जिले के तीनों विकासखण्ड के केन्द्रों स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल कोण्टा, स्वामी आत्मानंद कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल सुकमा, स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल छिन्दगढ़ शामिल है। तीनों विकासखण्ड सुकमा/कोण्टा/छिन्दगढ़ के करीब



300 बच्चों को राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा प्री मेडिकल नीट तथा प्री इंजीनियर आईआईटी की बेहतर रूप से तैयारी के लिए ऑनलाईन कोचिंग की सुविधा प्रदाय की जायेगी। कोचिंग राज्य शैक्षिण अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं।

नोडल शिक्षक एवं विकासखण्ड नोडल नियुक्त- सुकमा जिले के प्रत्येक कोचिंग केन्द्र में भौतिक, रसायन जीव विज्ञान एवं गणित विषय के लिए नोडल शिक्षक एवं विकासखण्ड नोडल नियुक्त किए गए हैं। सुकमा जिले से विकासखण्ड नोडल एवं विषय नोडल विकासखण्ड सुकमा से स्वामी आत्मानंद कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल सुकमा में श्री बिन्देश डेरहा (व्याख्याता) रसायन , मुख्य नोडल अधिकारी एवं नोडल शिक्षक रसायन श्री राकेश सिंह (व्याख्याता) भौतिक, नोडल शिक्षक भौतिकी , श्री राजू राम यादव (व्याख्याता) गणित, नोडल शिक्षक गणित, श्रीमती अनिता नागे (व्याख्याता) जीव विज्ञान, नोडल शिक्षक जीव विज्ञान । विकासखण्ड कोण्टा कोचिंग सेंटर स्वामी आत्मानंद शास.उ.मा.वि. कोण्टा के लिए श्री राम सिंह (संविदा व्याख्याता) मुख्य नोडल अधिकारी, श्री वाकेश साहू (व्याख्याता) रसायन, नोडल शिक्षक रसायन, श्रीमती पदमनी चन्द्रवंशी (संविदा व्याख्याता) भौतिक, नोडल शिक्षक भौतिकी, श्री मनीष पॉल (व्याख्याता) गणित, नोडल शिक्षक गणित, श्रीमती सुषमिता (व्याख्याता) जीव विज्ञान, नोडल शिक्षक जीव विज्ञान एवं स्वामी आत्मानंद शास. उ.मा.वि. छिन्दगढ़ श्री लोकश विश्वकर्मा व्यवसायिक शिक्षक टेलीकोम को मुख्य नोडल अधिकारी, श्रीमती विधी भदौरिया (संवि. व्याख्याता) रसायन, नोडल शिक्षक रसायन, श्री वेदप्रकाश पाण्डेय (संविदा व्याख्याता) भौतिक, नोडल शिक्षक भौतिकी, श्रीमती ज्योति त्रिपाठी (संविदा व्याख्याता) गणित, नोडल शिक्षक गणित, कुमारी तिलोत्मा यादव (संविदा व्याख्याता) जीव विज्ञान, नोडल शिक्षक जीव विज्ञान नियुक्त किया गया। इन शिक्षकों के द्वारा कोचिंग के दौरान उपस्थित होकर विशेष मार्ग दर्शन दी जायेगी। जिले के तीनों विकासखण्ड में प्रारंभ हुई ऑनलाईन कोचिंग योजना के शुभारंभ के अवसर पर कन्या हायर सेकेडरी स्कूल सुकमा में जिला शिक्षा अधिकारी श्री नितिन दण्डसेना, सहायक जिला परियोजना अधिकारी श्री नारायण वर्मा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री सुखराम देवांगन , खण्डस्त्रोत समन्वयक श्री अल्फ्रेड सुना, प्राचार्य श्री एच एस सिदार, विकासखण्ड कोण्टा के स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल कोण्टा में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री पी. श्रीनिवास राव , खण्डस्त्रोंत समन्वयक श्री शांहजहां , प्राचार्य श्री भरत लाल ओरछा एवं छिन्दगढ़ विकासखण्ड में स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल छिन्दगढ़ मेंविकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री कमलेश श्रीवास्तव, खण्डस्त्रोत समन्वयक श्री वसीम खान, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री चन्द्रशेखर सोरी, प्राचार्य श्री एल्बू कुजूर एवं बच्चें उपस्थित थे।

# कांग्रेस सरकार बनने के बाद किसानों का विकास हुआ: कवासी लखमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा , 4 अक्टूबर ।** कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा जी का ग्रामीणों के द्वारा ढोल नगाढा बजाकर स्वागत किया गया। मंत्री जी को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने अपनी खुशी जाहिर किये। उन्होंने आमसभा को सम्बोधित करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद किसानों का विकास हुआ है। 15 साल के बीजेपी शासन में किसान की हाल बद से बत्तर हो गया था कई किसान कर्ज के कारण आत्महत्या कर लेते थे, किन्तु आज हमारी सरकार किसानों को 2500 रुपये धान खरीदी का वादा किये थे उससे आगे बढ़ते हुए आज 2640 रुपये में धान खरीदी, प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है, इस प्रकार से किसानों का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने काँग्रेसी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित



करते हुए कहा की आज आप सभी को कंधा से कंधा, हाथ से हाथ मिलाकर गांव गांव तक कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं पहुँचाने का काम करना है।बीजेपी शासन में स्कूल, हॉस्टल को बंद करने का काम किया गया। मडकामीपारा के आश्रम को सुकमा में स्थांतरित कर दिया गया, किन्तु आज हमारी सरकार में पुनः सुकमा से मडकामीपारा में आश्रम खोलने का काम किया जायेगा। बोड़को का पुल निर्माण प्रस्तावित है जिसे जल्द ही पूरा किया जायेगा। आने वाले समय मे मडकामीपारा से मोतोड़ि तक सड़क व पुल का निर्माण किया जायेगा। बड़ेसेट्टी से मुलेकर व पलोड़ आने वालों रास्तों में पुल पुलिया के निर्माण करवाया जायेगा। उन्होंने आगे कहा की आज आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरगामी सोच के कारण ही आज गरीब आदिवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे गोबर खरीदी, गौ मूत्र खरीदी, तेंदुपत्ता खरीदी, महुआ खरीदी, धान खरीदी, रीपा के माध्यम से महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से, भूमिहीन किसानों, पुजारी गायता, हाथपरिया आदि को सालाना सात हजार की सहायता राशि आदि के माध्यम से उनके जेब मे पैसा डालने का काम कर रही है।पहले बीजेपी शासन में गाँव के लोगो को पुलिस वाले परेशान करते थे, उन्हें बिना वजह या फिर फसा कर जेल में बंद कर देते। महिलाएं पुलिस थाना का घेराव करती जिससे बहुत से समस्याओं का सामना करना पड़ता इसके साथ ही नक्सलियों के द्वारा भी इन्हें प्रताड़ित की जाती रही, आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सरकार बनने के बाद बेकसूर आदिवासियों छोड़ने का काम किया जा रहा है। आज बस्तर बदल रहा है। हमारी सरकार का ध्येय वाक्य है गढ़बो छत्तीसगढ़ बदलबो बस्तर।

# सुपेला में 7 अक्टूबर से रामधुनी महायज्ञ सप्ताह का होगा का आयोजन

**अंवरी,4 अक्टूबर।** ग्राम सुपेला (भखारा) में विगत 56 वर्षो की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी पितृ पक्ष के अवसर पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सात दिवसीय अखण्ड रामनाम सप्ताह एवं रामधुनी यज्ञ का आयोजन 7 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक किया गया है।



शनिवार से नया बाजार चौक में प्रारंभ होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के ख्यातिनाम रामधुनी मंडलियों को रामकथा गायन एवं झांकी के लिए आमंत्रित किया गया है।जो प्रतिदिन अलग-अलग मण्डलियाँ अपने निर्धारित समय में संगीतमय श्रीराम कथा का प्रस्तुति देंगे! रामधुनी यज्ञ में गायन और झांकी मंडलियों के लिए 2201/- रुपये सांत्वना राशि एवं श्रीफल की व्यवस्था किया गया है।उक्त सांत्वना राशि आयोजक समिति एवँ दान दाताओं की ओर से प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में ग्राम विकास समिति के संरक्षक कृष्णदयाल साहू,अध्यक्ष मूलचंद साहू,सचिव द्वारिका राम प्रधान,कोषाध्यक्ष दिग्विजयसिंह साहू,सदस्य बुद्धदेव साहू,पूरन लाल साहू जुटे हुए हैं।




### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीसी के जरिये दी चुनाव संबंधी दायित्वों की जानकारी

**कांकेर, 4 अक्टूबर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ शासन रीना बाबा साहेब कंगाले द्वारा आज सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये प्रदेश भर के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा विभिन्न समितियों के नोडल अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी दायित्वों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत् नियमों, प्रावधानों एवं उपबंधों के बारे में विस्तार से बताया। वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में जिले से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला, नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल तथा एसडीएम कांकेर श्री मनीष साहू ने हिस्सा लिया।

## समाचार संक्षेप

### बच्चों ने की शाला परिसर की सफाई



**सुकमा 4 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** देशभर में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाई जा रही है। 2 अक्टूबर को हर साल महात्मा गांधी की जयंती मनाई जाती है। ग्राम मुयारास में कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला परिसर की श्रमदान से सफाई किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को शाला परिसर के अलावा आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने कहा। साथ ही पलकों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने बच्चों से कहा गया।2 अक्टूबर माध्यमिक शाला में स्कूली बच्चों ने शाला परिसर की सफाई की। इसके उपरांत बच्चों ने महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर जयंती 154 वीं जयंती मनाई। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, ज्योतिष कुमार पोटला, शासकीय माध्यमिक शाला मुयारास के प्रधान अध्यापक उमाशंकर तिवारी, शिक्षक श्रीमती उषा श्रीवास्तव श्रीमती सुधा गोटी, प्राथमिक शाला मुयापारा की प्रधान अध्यापिका श्रीमती उषा शर्मा, श्रीमती पुष्पलता पिद्दा सहित अन्य उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि राष्ट्र को स्वच्छता का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देशभर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों ने गली-मोहल्लों में श्रमदान से सफाई को अंजाम दिया है। 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलाई जा रही इस स्वच्छता अभियान में कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा श्रमदान से कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि प्रक्षेत्र, गादीरास, पपुजारीपाल, मुरतोंडा, शबरी नगर स्थित जीएडी कॉलोनी सहित कई ग्रामों में स्वच्छता अभियान चलाया गया है। साथ ही आमजनों को बीमारी से बचने के लिए आसपास के वातावरण को स्वच्छता बनाये कहा गया।

### विभिन्न शासकीय योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलाएं बैंकर्स: कलेक्टर



**सुकमा 4 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री/ पुनरीक्षा समिति (डीएलसीसी) की बैठक में कलेक्टर श्री हरिस. एस ने विभिन्न विभागों द्वारा रोजगार, स्वरोजगार एवं आजीविका गतिविधियों के लिए बैंकों को भेजे गए ऋण प्रकरणों की स्वीकृति की बैंकवार समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न बैंकों में लंबे समय से ऋण प्रकरण लंबित होने पर नाराजगी जताते हुए तत्काल लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित बैठक में अंत्याव्यसायी वित्त एवं विकास निगम, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, डीआरडीए, कृषि, पशुधन, ग्रामोद्योग सहित विभिन्न विभागों द्वारा व्यावसायिक कार्यो हेतु ऋण स्वीकृति के लिए बैंकों को प्रेषित किए गए प्रकरणों का परीक्षण कर ऋण स्वीकृत करने कहा। उन्होने कहा कि ऋण हेतु भेजे गए प्रकरणों में यदि कोई त्रुटि या कमी-बेसी हो उसे आवेदक का काउंसलिंग कर पूर्ण करें और यदि प्रकरण निरस्त करने की स्थिति में है तो कारण सहित आवेदक को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि विभिन्न व्यवसायों के लिए ऋण हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के दौरान किसी तरह कि गलती नहीं हो इसके लिए आवेदकों को संबंधित कार्यालय में बुलाकर अथवा शिविर लगाकर उनका मार्गदर्शन करें। कलेक्टर ने बैंकर्स से कहा कि यहां हर वर्ग के हितग्राहियों के उनकी पात्रता और जरूरत के अनुसार कम ब्याज दर पर ऋण योजनाओं का लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार-स्वरोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए उन्हें ऋण की आवश्यकता होने पर उन्हे प्राथमिकता ऋण मुहैया कराएं। कलेक्टर ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को ऋण योजनाओं का लाभ दिलाने जिले के सभी बैंकर्स के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम) श्री विकाश कुमार, नाबार्ड डीडीएम श्री अभिजीत देउरी, सीईओ जिला पंचायत श्री डीएन कश्यप, परियोजना अधिकारी श्री भगत, उप संचालक कृषि विभाग श्री पीआर बघेल एवम् शासकीय विभागों के अधिकारी व कर्मचारिगण सहित अन्य बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### केरिपु बल ने अस्पताल व आस-पास के स्कूलों की सफाई की



**सुकमा 4 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा जिले के द्वितीय वाहिनी के0रि0पु0बल द्वारा रति कान्त बेहेरा कमाण्डेंट महोदय के निर्देशन में वाहिनी मुख्यालय सुकमा व सभी समवायों तथा गादीरास, फूलबगड़ी, गोरगुंडा व रामाराम में गांधी जयंती धुम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर रति कान्त बेहेरा कमाण्डेंट व सभी समवाय कमांडरों ने सभी के0रि0पु0बल के कार्मिकों व आसपास के लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई व गांधी जी के स्वाधीनता आंदोलन व उनके देश के प्रति योगदान को याद किया। इस अवसर पर उन्होंने जवानों को स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। साथ ही सी / 02 के0रि0पु0बल समवाय गादीरास में प्रज्वल एन. पी. सहा0 कमा0 इस अवसर पर गादीरास अस्पताल परिसर, आसपास के स्कूलों में व आस-पास के छेत्रों में सफाई किया व स्कूल के बच्चों के साथ स्वच्छता रैली भी निकाली। रति कान्त बेहेरा कमाण्डेंट ने सभी स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेने वाले कार्मिकों को धन्यवाद दिया व बताया कि नियमित श्रमदान से हम अपने परिवेश की सफाई कर देश को स्वच्छ बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में पवन कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, अनामी शरण द्वितीय कमान अधिकारी, टी0 सैमसन राजू उप कमाण्डेंट राजेंद्र कुमार सहा0 कमा0, ज्ञानेश प्रताप सिंह सहा0 कमा0 प्रज्वल एन0 पी0 सहा0 कमा0, पीरदान सहा0 कमा0, राकेश कुमार सहा0 कमा0, अश्वनी कुमार सिंह सहा0 कमा0, व अन्य कार्मिकों ने भाग लिया।

### ग्राम पोटगांव में विकासखण्ड स्तरीय पशु मेला लगा

**कांकेर 4 अक्टूबर ।** पशुधन विकास विभाग कांकेर द्वारा पिछले दिनों ग्राम पोटगांव में विकासखण्ड स्तरीय पशु मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री हेमंत ध्रुव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि स्थायी समिति के सभापति नरोत्तम पड़ोटी मौजूद थे। पशु मेला में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से विभिन्न नस्लों के गाय, बैल, बकरी-बकरा, मुर्गा-मुर्गी, बत्तख, भैंस आदि पशुओं का प्रदर्शन प्रतियोगिता के विभिन्न श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के साथ सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

## एक नजर

### आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी तेजराम साहू विद्रोही ने लिया पोलकर्रा के ग्रामीणों से आशीर्वाद



**राजिम,4 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आम आदमी पार्टी के राजिम विधानसभा प्रत्याशी तेजराम साहू (विद्रोही) ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ फिंगेश्वर ब्लॉक के पोलकर्रा ग्राम में जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभा किया गया ग्रामीणों ने केजरीवाल की गारंटी तथा तेजराम साहू ( विद्रोही) द्वारा पिछले बीस सालों से किसानों व आम जनता की अधिकार के लिए सतत संघर्ष से प्रभावित होकर राजिम विधानसभा में विजयी होने का आशीर्वाद दिया है। तेजराम साहू विद्रोही जनसंपर्क के दौरान केजरीवाल की गारंटी कार्ड को जनता तक ले जा रहे हैं। जिसमें पंजाब की तरह छत्तीसगढ़ के किसानों को उनके फसल का सम्मान जनक कीमत देना, दिल्ली और पंजाब की तरह हर महीने हर घर को 24 घंटे 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने, बेहतर व मुफ्त शिक्षा देने, बेहतर स्वस्थ्य व मुफ्त चिकित्सा, सभी विभागों के संविदा, प्लेसमेंट, ठेका व अनिनियमित कर्मचारियों को नियमित करने, महिलाओं के लिए सम्मान, शहीद सम्मान, भ्रष्टाचार मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की गारंटी है । गारंटी कार्ड में उन्ही विषयों को लाया गया है जिस पर दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार काम कर रही है। ग्रामीणों सेवा राम साहू, मोहन साहू, नरेश देवांगन, रामकृष्ण साहू, जगत राम साहू, रेखराम सा बिंदुराम साहू, ओमप्रकाश ध्रुव, ओमकार, सोहन ध्रुव, अशोक साहू, मनीराम साहू देवकुमार साहू, रामखेलावन साहू, कोमल साहू, चेतन साहू, मनोज देवांगन, नंद साहू, रामेश्वर साहू, पोषण साहू योगिक साहू तुलसराम साहू, राजेश काहू, पारस निषाद एवं बड़ी संख्या में महिलाओं सहित आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता योगेंद्र साहू, रेखुराम साहू, सोमन यादव, उत्तम कुमार, ललित कुमार, नवली राम, मनोज कुमार, कपूर साहू, नंदू ध्रुव, होरीलाल साहू आदि उपस्थित रहे।

### धन्वंतरी दवा दुकान की सस्ती दवाइयों से लोगों को मिल रही बड़ी राहत

**रायगढ़, 4 अक्टूबर।** आमजनों को दवाईयों में होने वाले खर्च को कम करने और रियायती दर पर दवाईयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य शासन द्वारा प्रदेशभर में धन्वंतरी जेनेरिक दवा दुकान खोली गयी है। जहां 70 प्रतिशत तक दवाइयां छूट के साथ उपलब्ध हैं। नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत लोगों ने रियायती दर पर दवाईयों का लाभ लेते हुए अब तक 6 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक की राशि की बचत की है। शहर की धन्वंतरी दवा दुकान जनसंख्या के लिहाज से बिक्री के मामले में पूरे प्रदेश में शीर्ष पर है। योजना की शुरुआत से अब तक करीब 1.59 लाख लोगों ने यहां से सस्ती दरों पर दवाइयां खरीदी हैं।छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लोगों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता में रखते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत सी जनहितैषी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसमें धन्वंतरी जेनेरिक दवा दुकान योजना भी शामिल हैं। जहां लोगों को बहुत ही कम दाम पर जेनेरिक दवाएं उपलब्ध हैं। जिससे दवाइयों में होने वाले खर्च काफी कम कर दिया हैं।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर कलेक्टर ने किया नमन



रायगढ़, 4 अक्टूबर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर कलेक्ट्रेट में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने महात्मा गांधी के देश की स्वाधीनता में दिए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर श्री डी.आर.रात्रे, डिप्टी कलेक्टर श्री रमेश मोर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला, अधीक्षक श्री राजेश मेहरा, स्टेनो टू कलेक्टर श्री सूरज खर्रा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### निधन

**खरसिया।** हाजरा फ्लावर डेकोरेशन के संचालक मदन मोहन हाजरा जी का दिनांक-03-10-2023 को उनके गृह ग्राम में निधन हो गया है। स्व. मदन हंसमुख एवं मिलनसार



व्यक्ति थे। जैसे ही उनके निधन की खबर खरसिया वासियों को मिली शोक की लहर फैल गई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रिपु सूदन पाण्डेय, शमशाद हुसैन, भोला राठौर, राजा वैष्णव, टंकेश्वर राठौर, डालिस पांडेय, विक्की सहगल, सुरेश साहू एवं अजय पटेल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की भगवान पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

---

उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच सचिव एवं स्वच्छाग्राही सम्मानित

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में सीईओ समेत जनप्रतिनिधियों ने फुलकर्रा में किया श्रमदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गरियाबंद,4 अक्टूबर।** जिले के कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन पर स्वच्छता ही सेवा अभियान जिला मुख्यालय गरियाबंद के ग्राम पंचायत फुलकर्रा मे आयोजित किया गया इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव जिला पंचायत गरियाबंद, जिला पंचायत सभापति फिरतूराम कंवर, उपाध्यक्ष प्रवीण यादव जनपद पंचायत गरियाबंद, नरसिंह ध्रुव सी.ई.ओ. जनपद पंचायत गरियाबंद, परियोजना अधिकारी एम एल वर्मा, जिला समन्वयक परवेज हंफी, मनरेगा एपीओ बुदेश्वर साहू, जनपद सदस्य खिलेश्वरी आयाम, रमशीला चंद्रवंशी, श्यामा दीवान, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा सिराजुद्दीन, राकेस साहू डी.ओ. पीआरपी ज्योति साहू सहित ग्राम फुलकर्रा के बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच सचिव एवं स्वच्छाग्राही महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों का भी सम्मान किया गया सम्मान पाने वाले में श्रीमती अश्वन बाई कंवर सरपंच फुलकर्रा गरियाबंद श्रीमती किया बाई सरपंच डूमर बहाल देवभोग श्रीमती भुवनेश्वरी बंजारे सरपंच कोमा फिंगेश्वर श्री सुंदर साहू सरपंच सेम्हरतरा, फिंगेश्वर श्रीमती दसोदा बाई ध्रुव सरपंच मुरमुरा छुरा, ग्राम पंचायत क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिव कीर्तन साहू, सती यादव, (गरियाबंद) संतोष साहू कुलेश्वर कोसरे (फिंगेश्वर) भुनेश्वर नागेश (देवभोग), उपसरपंच बैजन्ती हंसराज (देवभोग) स्वच्छाग्रही प्रेमीन साहू फिंगेश्वर, नीरा ध्रुव, भुनेश्वरी कंवर फुलकर्रा धनेश्वरी नागेश मैनपुर कला को सम्मान मिला।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव ने ग्राम फुलकर्रा मे ग्रामीणों एवं अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में बाजार चौक में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया, ग्राम फुलकर्रा वासियों द्वारा चलाये जा रहे अभियान की तारीफ करते हुये जिले के सभी गांव मे प्रेरणा लेने आग्रह किया। जिले की सभी गांव को आदर्श ग्राम बनाने हेतु स्वयं को पहल करना चाहिए, ग्राम फुलकर्रा को ग्रीन विलेज क्लीन विलेज के रुप मे विकसित किये जाने गांव के गली मे पाम ट्री, बादाम, अशोक आदि बड़े पौधों का रोपण किया गया है। अपने संबोधन मे फिरतूराम कंवर ने ग्रामीणों द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान की तारीफ किया, प्रवीण यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गरियाबंद ने ग्राम फुलकर्रा मे किये जा रहे पौधारोपण एवं स्वच्छता श्रमदान का जिले के सभी ग्रामों को प्रेरणा लेने की बात कही। सचिव कीर्तन साहू ने ग्राम की भौगोलिक स्थिति एवं ग्रामवासियों द्वारा अब तक किये गये प्रयासों गांव मे शासन की सुविधाओं पर प्रकाश डाला। जिला समन्वयक परवेज हंफी ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले के प्रत्येक गांव को प्लास्टिक मुक्त ग्राम, गंदगी मुक्त, कूड़ा कचरा से मुक्त ओडीएफ प्लस ग्राम बनाये जाने हेतु, कार्ययोजना, एवं अब तक लक्ष्य के विरुध्द प्राप्त उपलब्धि से अवगत कराया। इस अवसर पर ग्राम फुलकर्रा मे ई-रिक्सा को हरी झंडी दिखाकर कचरा कलेक्शन हेतु रवाना किया गया। अतिथियों द्वारा ग्राम पंचायत भवन के पास पाम ट्री पौधा का रोपण भी किया गया। कार्यक्रम का समापन मे जनपद पंचायत गरियाबंद के मुख्यकार्यपालन अधिकारी नरसिंह ध्रुव ने उपस्थित जनप्रतिनियों, अधिकारी, कर्मचारी, ग्रामवासियों, सम्मान पाने वाले सरपंच सचिव, प्रिंट मीडिया के सांथियों का आभार प्रदर्शन किया गया एवं ग्राम फुलकर्रा मे स्वच्छता श्रमदान की सराहना करते हुये अन्य ग्रामवासियों को प्रेरणा लेने हेतु आग्रह किया।

---

## बासागुड़ा के ग्रामीणों ने मनाई महात्मा गाँधी जयंती




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 4 अक्टूबर।** बासागुडा में गांधी जयंती के अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण मेला लगाकर ग्रामीणों का इलाज कर दवाइयां वितरण की गई और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती आज मनाई गई । भारत में हर साल 2 अक्टूबर का दिन गांधी जयंती के तौर पर मनाया जाता है। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के बाद तीसरा राष्ट्रीय पर्व 2 अक्टूबर यानी गांधी जयंती को माना गया है। गांधीजी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। उनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था। महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के विचार आज भी समूची दुनिया को प्रभावित करते हैं। अहिंसा के पथ पर चलकर गांधी जी ने देश को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराया था। महात्मा गांधी लोगों में सम्मान बढ़ाने और उनके विचारों को याद करने के लिए हर साल 2 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। महात्मा गांधी को बाद में लोग बापू कहकर पुकारने लगे थे। आज इसी क्रम में बासागुड़ा ग्राम पंचायत द्वारा अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती स्वास्थ्य परीक्षण मेला लगाकर मनाया गया, इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवाईयां वितरण की गई साथ ही बापू के उपदेशों के बारे बताया द्य इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती मलिका ताज बेग, कृष्णा झाड़ी, डॉक्टर उपेन्द्र साहू शहीद खान,राजू, पानके दिनेश, रामबाबू स्वरागिरी,कोलमूल राजू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अवैध फ्लाई ऐश परिवहन व निस्तारण पर लगातार कार्यवाही जारी, 44 लाख 81 हजार का जुर्माना

**रायगढ़, 4 अक्टूबर।** फ्लाईऐश के समुचित व्यवस्था के बिना परिवहन व अवैध निपटान पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने दिए हुए है। पर्यावरण विभाग द्वारा इस संबंध में लगातार जांच व कार्यवाही की जा रही है। जानकारी देते हुए क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी अंकुर साहू ने बताया कि इस वर्ष में सितम्बर माह तक विभिन्न उद्योगों के वाहनों पर अब तक कुल 44 लाख 81 हजार 900 रूपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। बीते एक माह में 01 सितंबर से 30 सितंबर के मध्य जांच के दौरान अवैध अपवहन एवं समुचित व्यवस्था बिना परिवहन पर कार्यवाही की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अवैध अपवहन करने वाले 01 उद्योग के 02 वाहनों पर 93 हजार 15 रूपये तथा अन्य स्थानों पर अवैध, अनियंत्रित अपवहन एवं समुचित व्यवस्था किये बिना परिवहन करने वाले 04 उद्योगों के 06 वाहनों पर 3 लाख 06 हजार 435 रूपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। इस तरह 05 उद्योगों के 08 वाहनों पर कुल 3 लाख 99 हजार 450 रूपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। साथ ही मेसर्स आर.के.एम.पॉवरजेन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-उच्चपिण्डा, तहसील-डभरा, जिला-सक्ती के 02 वाहनों पर ग्राम-पतरापाली, तहसील-खरसिया, जिला-रायगढ़ में फ्लाई ऐश का अवैध डम्पिंग किये जाने के संबंध में क्षेत्रीय अधिकारी, छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर को नियमानुसार पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है।

## वृंदावन स्कूल में मनाई गई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती



**महासमुंद,4 अक्टूबर।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय में मंगलवार को विद्यालय प्रांगण में संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उप प्राचार्य इन्दु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका विजय लक्ष्मी राव, उर्मिला अग्निहोत्री, आशा ज्योति डोरा, अमृता चन्द्राकर द्वारा गांधी जयंती व शास्त्री के जयंती के अवसर पर उनकी छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर पूजा अर्चना किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका काजल ठाकुर व समस्त विद्यार्थिगण द्वारा गांधी के भजन रघुपति राघव राजा राम व वैष्णव जन प्रस्तुत किया गया। संस्था प्रमुख व संचालिका के दिशा निर्देश में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका व विद्यार्थिगण द्वारा गांधी की स्मृति में विद्यालय प्रांगण व आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई तथा एक कदम स्वच्छता की ओर जैस भाव प्रकट किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन द्वारा बच्चों को सत्य व अहिंसा की शक्ति से अवगत कराया गया। संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा गांधी व शास्त्री के जीवन शैली पर प्रकाश डाला गया। उपप्राचार्य इंदु मिश्रा ने गांधी के देश के प्रति समर्पण के भाव को प्रकट किया। वरिष्ठ शिक्षिका विजय लक्ष्मी राव द्वारा महात्म गांधी के विभिन्न आन्दोलन व देश के उज्जवल भविष्य के लिए किये गए विभिन्न कार्यो का वर्णन किया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं आश ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री, विजय लक्ष्मी राव, अमृता चन्द्राकर, रेखा साहू, काजल ठाकुर, जागृति साहू, संध्या सोना, दमिनी वैष्णव, सुशमा साहू, रचना ठाकुर, वर्षा चन्द्राकर, साधना राठौर, एम रजनी, ललिता सिंग राजपुत, भूमिका वर्मा, मोनिशा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदिनि साहू, अंशु यादव, चन्दना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, अभिषेक सोनी एवं लक्ष्मी नारायण साहू का योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री ने किया स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ



**महासमुंद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इंजीनियरिंग एवं मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का अपने निवास कार्यालय से ऑनलाइन शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस योजना में ख्याति प्राप्त एलन कैरियर इंस्टिट्यूट ने सीएसआर के तहत निःशुल्क कोचिंग देने सहमति दी है।विकासखंड के शासकीय स्कूलों में अध्यनरत 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन और एलन इंस्टिट्यूट के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए। गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग तथा मेडिकल पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा की ऑनलाइन कोचिंग योजना की घोषणा की थी। स्कूल शिक्षा विभाग की स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के अनुसार प्रदेश के कक्षा दसवीं में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी तथा कक्षा 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी। इसी क्रम में स्वामी आत्मानंद कोचिंग आदर्श स्कूल महासमुंद में भी प्रारंभ हुआ। प्रारंभ अवसर पर 360 बच्चे मौजूद थे, जो मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को सुने। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, जिला परियोजना समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक जागेश्वर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम, प्राचार्य एवं मुख्य नोडल अधिकारी हेमेन्द्र आचार्य, नोडल शिक्षक विकास यादव, दिपेंद्र भोई, संकुल समन्वयक पवन साहू, चंद्रशेखर डोरा, शेख रशीद कुरेशी, सुरेंद्र चंद्राकर, रीतुराज देवांगन उपस्थित थे।स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना में मेरिट क्रम अनुसार विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। विद्यार्थी को संबंधित विकासखंड, शहर के शासकीय स्कूलों में कक्षा 12 वीं का नियमित विद्यार्थी होना अनिवार्य होगा। विकासखंड मुख्यालय की स्कूलों में कक्षा 12वीं में जीव विज्ञान तथा गणित संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थी ही पात्र होंगे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर से ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएगी। यह कक्षाएं शाम 3 बजे से 6.30 बजे तक संचालित होंगी। प्रत्येक कोचिंग केंद्र में भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान एवं गणित विषय के लिए नोडल शिक्षक तथा एक मुख्य नोडल अधिकारी प्रिंसिपल अथवा सीनियर लेक्चरर स्टाफ के नियुक्त किए गए हैं।

### स्वामी आत्मानंद कोचिंग अच्छी योजना

**बीजापुर, 4 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवम शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे के द्वारा स्वामी आत्मानन्द कोचिंग का शुभारंभ किया गया। यह एक उत्तम योजना है जो एलेन कैरियर प्राइवेट कंपनी जो कि कोटा (राजस्थान) की प्रतिष्ठित कोचिंग इंस्टीटूट है, उनके द्वारा बच्चों को निशुल्क एवम की कोचिंग दी जाएगी। इस कोचिंग से बच्चो को विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मौका मिलेगा। यह कोचिंग उन बच्चों के लिए वरदान साबित होगा जो पालक हजारों लाखों रुपये देकर यह कोचिंग पाते है। यह सभी माता पिता के लिए राहत की खबर है, इस योजना के माध्यम से बच्चो को निशुल्क कोचिंग एवम तैयारी करने का मौका मिलेगा, यह शासन का छात्र/ छात्राओं के विकास एवम शिक्षा में गुणवत्ता का एक बेहतरीन पहल है जो बच्चो के लिए वरदान साबित होगा। इस योजना के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भोपालपटनम की छात्रा एवम जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी आर बघेल जी ने यशस्वी मुख्यमंत्री को सम्बोन्धित किया।आज के वर्चुअल उद्घाटन समारोह में ह्युड्डुद्द्ह्य भोपालपटनम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी आर बघेल जी,जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निर्मला मरपल्लीजी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री विज़ार खान जी, जिला नोडल एम वी राव जी,खंड शिक्षा अधिकारी श्री कंडिक नारायण जी, बी आर सी मिर्ज़ा खान जी , पालक श्री मनोज कौशल जी, श्री लम्बाड़ी वेंकटेश्वर जी, गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य श्री बी एम राव जी एवम प्राचार्य श्री एन राजेश जी उपस्थित रहे।



---

## समाचार संक्षेप

### बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी मोटर साइकिल दुर्घटना में घायल




**बीजापुर, 4 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर विधायक हुए भरोसे के सम्मेलन में घायल।बीजापुर से भरोसे के सम्मेलन में कार्यकर्ताओं सहित जनप्रतिनिधियों के साथ मद्देड के लिए रवाना हुए थे। भरोसे की यात्रा के समापन के बाद वापसी के समय मोदकपाल पास बाइक से गिरने से विधायक विक्रम मंडावी सहित नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम सल्लूर घायल हुए। विधायक विक्रम मंडावी स्वयं मोटर साइकिल चला रहे थे।मोदकपाल थाना क्षेत्र का पूरा मामला है। घायल विधायक व नपा उपाध्यक्ष को बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय बीजापुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से जगदलपुर रेफर किया गया। सूत्रों ने बताया कि विधायक को बांये कंधे में गहरी चोट लगी है। और सांस लेने में तकलीफ़ हो रही है। जगदलपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा रायपुर भेजने की भी जानकारी मिली है। विधायक विक्रम मंडावी के साथ बीजापुर नगर पालिका के उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम सल्लूर साथ में सवार थे। विधायक के घायल होने की खबर मिलते ही प्रशासन के अधिकारी के अलावा जनप्रतिनिधियों तथा लोगों की भीड़ अस्पताल में जमा हो गई। विदित हो कि सोमवार सुबह 10 बजे से भैरमगढ़ से भरोसे की यात्रा की शुरुआत की गई। जिसे जिले के प्रभारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता विमल सुराना व विधायक विक्रम मंडावी के नेतृत्व में अपने सैकड़ों कांग्रेसियों के साथ लगभग 80किमी तक मोटर साइकिल से भरोसा की यात्रा की। जिले के संगठन प्रभारी व विधायक के द्वारा जगह जगह नुक्कड़ सभा कर कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बताया गया। जिला प्रभारी विमल सुराना ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के द्वारा सभी वर्गो को साथ लेकर तथा गरीबों, किसानों के लिए बहुत फैसले लिये।स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन

### पंचायत मुरदंडा स्वस्थ पंचायत बनने की ओर अग्रसर




**बीजापुर, 4 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत, प्रशासन और नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन ने स्वास्थ्य जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए मुरदंडा ग्राम पंचायत में रैली का आयोजन किया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत और जागरूक रहें और समयानुसार अपना और अपने परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाएं और उनकी देखभाल करें, ताकि मलेरिया, एनीमिया, कुपोषण, टीबी और अन्य बीमारियों से बच सकें और उनके बचाव के रास्ते निकाल सकें।सभी उपस्थित लोगों और रैली में शामिल होने वाले बच्चों के माध्यम से स्वास्थ्य के महत्व पर जागरूकता फैलाई गई। सभी उपस्थित लोगों को मुरदंडा पंचायत को स्वस्थ पंचायत बनाने के लिए सहयोगी बनने का आह्वान किया गया।इस रैली में ग्राम पंचायत मुरदंडा के सरपंच गौरी कोरसा, सचिव राजकुमार केजी , वार्ड पंच वीरेंद्र वासम ,सतीश बारसे , शिक्षक रोहित गटपल्ली , राजीव युवा मितान क्लब के सचिव संपत साथीवर , रोजगार सहाय्यक गजेंद्र तेलम , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वास्थ्य विभाग से लोकेश कुमार उईके, छात्रावास के बच्चे और गांधी फेलो प्राची तुमसरे,निहाल मिश्रा ने भाग लिया। पिरामल फाउंडेशन एक सामाजिक संगठन है जो स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने के लिए संकल्पित है। फाउंडेशन का मिशन है एक स्वस्थ और शिक्षित समाज को बढ़ावा देना और ग्रामीण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना।

### सूर में स्वस्थ पंचायत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**बीजापुर, 4 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत उसूर मे स्वस्थ पंचायत का जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ जिसमें छात्रावास से बच्चे, बालिकाएं, सरपंच श्री भीमा कट्टम, सचिव भुनेश्वर झाड़ी, पीएचसी से मुख्य चिकित्सक, नीति आयोग की हेल्थ हेल्पर, प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक श्री नागेश झाड़ी, रोजगार सेवक, वार्ड पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, और पीरामल फाउंडेशन से गांधी फेलो श्री निहाल मिश्रा, सुश्री भूमिका पेंदोर, और ग्रामीणजन उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान, स्वस्थ पंचायत बनाने हेतु रणनीति पर चर्चा की गई, और महिलाओं और बच्चों में स्वास्थ्य की जागरूकता को बढ़ाने, टीबी, एनीमिया, इत्यादि रोगों के संक्रमण तथा रोकथाम के लिए विस्तृत चर्चा की गई।इस साकारात्मक कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ और समृद्ध ग्रामीण समुदाय की ओर कदम बढ़ाना है और ग्राम पंचायत उसूर के निवासियों के बीमारियों के खिलाफ सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## एक नजर

### खराब सड़क पर चलने में होती है परेशानी, चलाया हस्ताक्षर अभियान



**दल्लीराजहरा 4 अक्टूबर।** मंगलवार बेरोजगार साथियों के द्वारा पुराना बाजार के जर्जर रोड के विषय में जन आंदोलन चलाते हुए हस्ताक्षर अभियान से वीर नारायण सिंह चौक से लेकर शहीद चौक तक व शहीद गैरेज से लेकर कोण्डे कसा तक रोड जर्जर व बड़े बड़े गड्ढे हो गए है जिस पर चलने वाले लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है जिसका पुनः निर्माण करना अत्यंत आवश्यक है इस समस्या को देखते हुए आम नागरिकों से जन आंदोलन के रूप में हस्ताक्षर करवाया गया जिसमे वार्ड क्रमांक 14, 15, 16, 17, 18, 10, 12 तथा 11के नागरिकों व पुराना बाजार के व्यापारी साथियों के द्वारा तथा जनप्रतिनिधियों छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा,छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ,बेरोजगार युवा संघ के सहयोग से नगर पालिका अध्यक्ष दल्ली राजहरा , नगर पालिका अधिकारी दल्ली राजहरा , लोक निर्माण विभाग प्रभारी दल्ली राजहरा, एसडीएम सर, जिलाधीश जिला बालोद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई, अधिशासी निदेशक खदान भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई, मुख्य महाप्रबंधक लोह अयस्क समूह राजहरा भिलाई इस्पात संयंत्र, जनक लाल ठाकुर पूर्व विधायक डौंडी लोहारा विधान विधानसभा क्षेत्र, अनिला भेड़िया विधायक डौंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र एवम् मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग को डाक विभाग द्वारा आवेदन प्रेषित किया गया एवम् इस गंभीर विषय पर मुख्य महाप्रबंधक दल्ली राजहरा से भेट मुलाकात करते हुए चर्चा किया गया एवम् जल्द से जल्द इस रोड को बनाने का आश्वासन दिया गया ।

### राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा का शिक्षक संघ ने किया स्वागत



**छुरा 4 अक्टूबर।** शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री विवेक कुमार शर्मा जी के राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा बनने के बाद राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून व पुरानी पेंशन के लिए दिल्ली में हुए ऐतिहासिक आंदोलन से लौटने पर एयरपोर्ट से नवापारा फिर राजिम में मित्रगणों,पारिवारिक जनों एवम शुभचिंतकों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया इसके पहले उत्तराखंड के राजधानी देहरादून में भी विवेक शर्मा जी का राष्ट्रीय अध्यक्ष,श्री बी पी रावत ,महासचिव श्री विरेन्द्र दुबे , राष्ट्रीय एवम प्रदेश के अनेकानेक पदाधिकारियों एवम कर्मचारियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। नवापारा राजिम में स्वागत करने वालो में सुनिल तिवारी,पूर्व मेजर सूबेदार गोवर्धन शर्मा ,सपन शर्मा लिलेश पारख,गोविंद राज,अशोक रावलानी, राकेश जैन, मुन्ना मिश्रा ,विकास लोटिया ,योगेश शर्मा,दिनेश भाई तुकाराम कंसारी ,दीपक नागवानी, तेनु राम साहू, विश्वनाथ देवांगन,कलीराम कंसारी,सोमनारायण साहू,रिकेश साहू, जितेंद्र तेनारिया,युवराज साहू ,मुकेश साहू,असलम बी के श्यामलाल भाई,सेवाराम भाई, ईश्वर भाई तथा ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवम गायत्री परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### 51 कलमकारों का किया सम्मान

**छुरा 4 अक्टूबर।** नए कलमकारों को समर्पित संस्था नव कलमकार साहित्य मंच ने प्रदेश स्तरीय कलमकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर स्थित वृंदावन हॉल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन तथा राजगीत के गायन से हुई, तत्पश्चात् संस्था के कलमकार दयालु भारती के जन्मदिन पर केक काटकर सभी ने शुभकामनाएँ दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में कवि तुकाराम साहू तरुण ने नए कलमकारों के स्वाध्याय पर ध्यान देने तथा वरिष्ठों से सहानुभूति पूर्वक मार्गदर्शन के लिए आग्रह करते हुए कहा कि कोपलों को तने की अहमियत समझाइए कि फिक्र हो, बिना कोपल तने भी डंठल हो जायेंगे।

# सड़क मरम्मत के नाम पर डाला जा रहा पत्थर का चूरा

## कसड़ोल क्षेत्र की ज्यादातर सड़कों का है बुरा हाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल 4 अक्टूबर।** कसडोल क्षेत्र की लगभग सभी सड़कें बदतर स्थिति में है ! एक और जहां कसडोल पिथौरा और कसडोल महासमुंद मार्ग सहित क्षेत्र की कई गांवों को जोड़ने वाली मार्ग काफी जर्जर हो गई है। वही अंदरूनी गांव की सड़कें भी अब गडढ़ों में तब्दील हो जाने से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ! इसे लेकर संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को कोई लेना-देना ही नहीं है।

सड़क पर कहीं-कहीं गडढ़ों को भरा तो जा रहा है पर इसमें भी भ्रष्टाचार की सीमा लॉघ दी गई है ! सभी गडढ़ों को ना भरकर केवल कुछ गडढ़ों में पत्थर का चूरा डाला जा रहा है ! सड़क के गडढ़ों की मरम्मत के नाम पर पत्थर का चूरा सड़क पर रखा देखा जा सकता है , इस पर ग्रामीणों ने आपत्ति की है ! सड़क के गडढ़ों को भरने के लिए पत्थर के चूरे का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए ! पर कहते हैं ना... सैंया भये कोतवाल तो डर काहे का ? जब अधिकारी ही मेहरबान हो तो ठेकेदार के बल्ले-बल्ले है ! इस दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने जब अनुविभागीय अधिकारी ( पीडब्ल्यूडी ) से बात की तो उनका रटा-रटाया जवाब रहता है , दिखवाता हूं , पता करवाता हूं , चेक करवाता हूं सुधार करवाने के लिए बोलता हूं ! जबकि बिना अधिकारी के जानकारी के ठेकेदार इस तरह के कार्य को अंजाम नहीं दे सकता है! किसी भी गांव या नगर की सड़कों का , उस क्षेत्र के विकास में काफी योगदान रहता है ! कसडोल पिथौरा मार्ग , आगे नेशनल हाइवे में जा कर मिलता है ! इसी प्रकार कसडोल महासमुंद मार्ग वाया सिरपुर भी नेशनल हाईवे में जाकर मिलता है ! दरअसल अधिकारी और कर्मचारियों को सड़क मरम्मत के नाम पर अपनी जेबें भरने के लिए , सड़कों पर गड्ढों का होना अनिवार्य है क्योंकि बार-बार मरम्मत के नाम पर राशि निकालकर अपनी जेबें भरी जाती है ? अन्यथा क्या कारण है कि आज रिपेयरिंग किया गया सड़क कल फिर उसी अवस्था में नजर आता है जीर्ण -शीर्ण और कीचड़ युक्त !

गांव और नगर के अंदर की सड़कों में डामर का प्रयोग बंद कर दिया गया है जिसकी वजह से पहली बारिश में ही सड़कों से गिट्टी उखड़ना चालू हो जाता है जबकि नेशनल हाईवे में डामर का प्रयोग करने से सड़कें ,आज भी काफी मजबूत है ! भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारियों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने की वजह से यह स्थिति बनी हुई है , इसीलिए मोदी सरकार निजीकरण को बढ़ावा दे रही है क्योंकि काम नहीं तो वेतन ! जिसे कुछ मुर्ख लोग , बेचना कह देते हैं !

# अवैध शराब बेचने वालों पर सिटी कोतवाली की कार्रवाई जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 4 सितंबर।** जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 768/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपीयो के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। मामला इस प्रकार है कि दिनांक 02/10/2023 को मुखबीर की सूचना मिलने पर आरोपी 01. रविन्द्र डहरिया पिता सुरेन्द्र डहरिया उम्र 23 साल साकिन पंचशील नगर वार्ड 01 बलौदाबाजार 02. हेम कुमार पिता अजब मनहरे साकिन पंचशील नगर वार्ड नं0 01 बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के पास से भारी मात्रा में शराब रखने की सूचना पर घेराबंदी कर पकडे तथा आरोपियो से 17 नग बाटल हंटर स्ट्रांग प्रियम बियर प्रत्येक मे 650द्व्य भरी सीलबंद मात्रा 11.050 बल्क लीटर किमती 3570/रूपये तथा एक नीले रंग की प्लास्टिक बोरी का थैला मे 24 नग पाव देशी मदिरा मशाला शराब प्रत्येक मे 180द्व्य भरी सीलबंद मात्रा 4.320 बल्क लीटर किमती 2640/रू.को जप्त किया गया आरोपीयो के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है उपरोक्त कार्यवाही में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुसन्ता लकडा प्रआर. अमोल कंवर, म.प्रआर. अन्नपूर्णा बंजारे, म. आर. सरिता यादव, आर. बसंत साहू एवं देव निराला का विशेष योगदान रहा।



# आदिवासी अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ ने किया बौद्धिक विचार संगोष्ठी का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 4 अक्टूबर।** 1 अक्टूबर को आदिवासी अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ इकाई के द्वारा बौद्धिक विचार संगोष्ठी का कार्यक्रम पोस्ट मैट्रिक अनु. जाति बालक छात्रावास सुरखी रोड भाटापारा में रखा गया था ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रकृति शक्ति (सल्ला गागरा)डॉ भीमराव अंबेडकर, जयपाल सिंह मुण्डा एवं सविधान कि उद्देशिका के पूजा के साथ हुआ । विचार संगोष्ठी का कुल सात मुख्य विषय रहा । जिसमे . वन अधिकार अधिनियम इसके मुख्य वक्ता तिरूमाल के. पी. ध्रुव हास्टल अधीक्षक, पेसा कानून 5वीं एवं 6 वी अनुसूची इसके मुख्यवक्ता तिरूमाल राजकुमार ध्रुव शिक्षक, . स्त्र, स्ट एवं ह्व्र्क्ष्ट सामाजिक सामानता नियम पर इसके मुख्यवक्ता तिरूमाल भैरव सिंह ध्रुव एल.एल.बी. छात्र, समान नागरिक संहिता ष्टष्ट पर एवं मणिपुर में आदिवासीयो के साथ हो रहे घटनाओं पर इसके मुख्यवक्ता तिरूमाल शिवमंगल सिंह ठाकुर शिक्षक, भारत के संविधान में हो रहे संशोधन से स्त्र, स्ट एवं ह्व्र्क्ष्ट वर्ग के लोगो पर इसका प्रभाव, इसके मुख्यवक्ता तिरूमाल ओमप्रकाश ध्रुव शिक्षक एवं संकुल समन्वयक , छात्राओं के लिए कैरियर गाईड पर चर्चा इसके मुख्य वक्ता तिरूमाल बी. आर. मरकाम सर प्रभारी प्राचार्य। कार्यक्रम का संचानल मातृशक्तियो तिरूमय अनामिका ठाकुर, ज्योति ध्रुव भागमती ध्रुव शिक्षिकाओं के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चो के द्वारा सियान / पुरखा, के वेश भुषा का प्रदर्शन किया गया जिसमे डॉ भीमराव अंबेडकर - वीहान ध्रुव, सावित्री बाईफुले - हंसिका ध्रुव, ज्योति राव फुले - रूद्रप्रताप सिंह ठाकुर, टाट्या भील - हर्ष ध्रुव, वीरांगना रानी दुर्गावती मंडावी - कु.टीयारानी सिंह ठाकुर, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालिका छात्रावास के बालिकाओ द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक नृत्य एकल एवं सामुहिक प्रस्तुत किये ।

कार्यक्रम में व्यवस्था भोजन, चाय बिस्कुट, पानी आदि जिसमें मुख्य रूप से तिरूमाल गोपाल सिंह ध्रुव स्ढ्ढष्ट, पवन सिंह पालेश्वर आई. आर., मालिकराम ध्रुव सेवा निर्वित सैनिक, राधेश्याम ध्रुव व्याख्याता, सोनचंद ध्रुव प्रधानपाठक, जलेश्वर ध्रुव सहा ग्रेड 2, फूलसिंह मंडावी, कमल कुमार ध्रुव प्रधानपाटक, । मातृशक्तियो का भी विशेष सहयोग रहा जिसमें तिरूमय प्रेमप्यारी ध्रुव मंजूलता उइके हास्टल अधीक्षिका , नमिता ध्रुव, नगेशर ध्रुव, रामप्यारी ध्रुव, अमरिका ध्रुव शिक्षिकाऐं, गुडडी ध्रुव, सरस्वती ध्रुव, राजेश्वरी ध्रुव , सिमरौतिन ध्रुव,लता ध्रुव समाजिक कार्यकर्ता। संगोष्ठी कार्यक्रम में लगभग 300 लोग सम्मलित हुये, जिसमें भाटापारा ब्लाक के विभिन्न गावों से समाजिक चिंतक, आदिवासी अधिकारी कर्मचारी के सदस्यगण जिसमें शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, रेल्वे विभाग, बैंक, कृषि विभाग पंचायत विभाग, पुलिस विभाग, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालिका एवं बालक छात्रावास के छात्र एवं छात्राये आदि उपस्थित रहे।


### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

!! ईश्तहार !!

रा.प्र.क्र. 202305092100072

अ/20 ( 1 ) वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सदाराम आ. मंगलूराम जाति गोंड निवासी ग्राम छिरपानी वार्ड नंबर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक को शासन से वर्ष 1984 को भू- खण्ड 55/5 छिरपानी डोंगरगढ़ में पट्टा 30 वर्ष हेतु दिया गया था अज्ञानतावश पट्टे का नवीनीकरण नही करा पाया । अत: आवेदक पट्टा नवीनीकरण किये जाने का निवेदन किया गया है ।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति अथवा पेश करना हो तो दिनांक 16/10/2023 तक मेरे न्यायालय में न्यायालयीन समय के अंदर स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकता है, नियत समय बाद प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से आज दिनांक 25/09/2023 को जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) डोंगरगढ़

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)

!! ईश्तहार !!

रा.प्र.क्र... अ/2 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सोपान जैन वल्द सुशील कुमार जैन जाति जैन निवासी भगतसिंह चौक वार्ड नं. 19 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम कुर्रुभांठ प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. चौथना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव में भूमि खसरा नम्बर 153 / 2 रकबा 0.116 हे. पड़ती भाठा भूमि है। खसरा नं. 153 / 2 में से रकबा 0.040 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 22/10/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/10 /2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़


# पलारी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 2 कोचियों को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 4 अक्टूबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार श्री हरीश कुमार यादव एवं श्री अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में दिनांक 03.10.2023 को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल से देशी मसाला शराब ले जाते हुए 02 शातिर शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से ?4400 कीमत मूल्य का कुल 40 पाव देशी मसाला शराब तथा अवैध रूप से शराब ले जाने में प्रयुक्त मोटर साईकल ष्टत्र04 ह्य6259 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 363/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,4 अक्टूबर।** प्राकृतिक आपदा से मृत 5 लोगों के निकट परिजनों के लिए 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 20 सितम्बर 2023 को ये स्वीकृतिया प्रदान की हैं।

# शहर में डीजे,धूमाल संचालकों के लिये जारी किये गये निर्देशों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई

**बलौदाबाजार 4 अक्टूबर।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आगामी त्योहारों एवं चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए डीजे धूमाल संचालकों के लिए जारी किये गये निर्देशो के उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के इश्तगाशा क्रमांक धारा धारा 4,5,15 कोलाहाल अधिनियम के अनावेदक के विरूद्ध कार्यवाही किया गया मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि जरिये मोबाईल फोन सूचना मिला कि घटना स्थल जिला अस्पताल के सामने गणेश विसर्जन में दुर्गेश यादव निवासी इंदिरा कालोनी बलौदाबाजार का आम रोड जिला अस्पताल के सामने वाहन क्रमांक सीजी 22 एबी-9864 में डीजे साउंड सिस्टम रखकर तीव्र ध्वनि से बजाते हुये अनावेदक दुर्गेश यादव पिता रामकुमार यादव उम्र 23 साल साकिन इंदिरा कालोनी बलौदाबाजार थाना कोतवाली का मिला, जिन्हें धारा 91 जाफौ का नोटिस देकर अनुमति की जानकारी मांगी गयी जो वैध कागजात नही होना लिखकर दिये। कि गवाहो के समक्ष वाहन टाटा 207 क्रमांक सीजी 22 एवी 9864 जिनके पीछे ट्राली में डीजे साउण्ड सिस्टम 10 नग बाक्स सहित एवं मय वाहन टाटा 207 क्रमांक सीजी 22 एबी 9884 को समक्ष गवहान के जप्त किया गया। अनावेदक दुर्गेश यादव के कृत्य से जिला अस्पताल के आसपास के लोगों एवं अस्पताल में भर्ती मरीज एवं परिजन को काफी परेशानी पहुंचाया गया जो धारा 4.5.15 कोलाहल अधिनियम का होने से अनावेदक के विरूद्ध इस्तगासा तैयार किया गया जो माननीय न्यायालय पेश किया है ।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

### निविदा सूचना

क्र./वाहन/न.नि./2023/525/351 — भिलाई दिनांक 29/09/2023

आयुक्त नगर पालिक निगम, भिलाई की ओर से निर्मात्री संस्थान/अधिकृत संधारणकर्ता/स्थानीय संधारकर्ता से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा पपत्र हेतु आवेदन नियत तिथि को सायं 5.30 बजे तक इस कार्यालय में आवेदन के साथ निर्धारित राशि नगद जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

1. निविदा जारी करने की तिथि-दिनांक 29/09/2023 — 3.निविदा प्राप्ति की तिथि- दिनांक 25/10/2023 सायं 5.30 बजे तक
2. आवेदन की अंतिम तिथि- दिनांक 20/10/2023 सायं 5.30 बजे तक — 4.निविदा खोले जाने की तिथि- दिनांक 26/10/2023

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (रूपये में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | फार्म |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाहन क्र. CG07/MB/5644 (एम्बुलेंस) का संधारण कार्य। | 1,12,500.00 | 2,000.00 | 300.00 | 15 दिन | फार्म-बी |

**नियम एवं शर्त :-** (1)सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। (2) निविदा स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक सेवा से वाहन शाखा भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास कोसा नगर भिलााई 490020 में स्वीकार किये जावेंगे (3) धरोहर राशि एफ.डी.आर. के रूप में कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम, भिलाई एवं संबंधित एजेंसी/ संधारणकर्ता के नाम से किसी शासकिय बैंक से जारी/जमा करना होगा तथा जी.एस.टी. प्रमाण पत्र एवं पेनकार्ड की स्व हस्ताक्षरित छायाप्रति लिफाफा 'क' में प्रस्तुत करना है एवं निविदा प्रपत्र दर सहित लिफाफा 'ख' में प्रस्तुत करना होगा (4) सम्पूर्ण निविदा अथवा किसी अंश को स्वीकृत करने अथवा न करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेगा। (5) समस्त कर सहित दरें प्रस्तुत करना होगा। (6) यदि निगम द्वारा निर्धारित निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि निविदा खोलने की तिथि को किसी अपरिहार्य कारणवश अवकाश घोषित होता है तो ऐसी स्थिति में अंतिम तिथि/ खोलने की तिथि आगामी कार्य दिवस को माना जावेंगा (7) न्यूनतम दरे आयटम दर में स्वीकार की जावेंगी। (8) अन्य नियम शर्तों एवं मापदण्ड की जानकारी कार्यपालन अभियंता (वाहन) के कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagar-nigam.com संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.com एवं चिप्स की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता


## नगर पंचायत डौंडी के सभागार में किया गया समारोह का आयोजन

# गांधी जयंती पर सफाई कर्मियों व स्वच्छता दीदी का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डौंडी 4 अक्टूबर।** नगर पंचायत डौंडी के सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया रंगोली मे भाग लिए प्रतियोगियों को सम्मान पत्र एवं सफाई कर्मियों व स्वछता दीदी का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया और नगर पंचायत के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कर्मियों द्वारा स्वच्छता का संकल्प लिया गया।नगर पंचायतअध्यक्ष सोमेश शोरी द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाया गया कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी।महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आजाद कराया।अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। हम सभी शपथ लेते है स्वच्छता के प्रति हमेशा सजग रहेगे और उसके लिए समय दिया जाएगा।हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करेगें।हम न गंदगी करेगें न किसी और को करने देंगे।सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यास्थल से शुरूआत करूँगा।मैं यह मानता हूँ कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं।इस विचार के साथ मैं गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा।हम आज जो शपथ ले रहे है अन्य लगभग 100 व्यक्तियों से भी कराया जाएगा।वे भी हमारी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयासरत रहेंगे। हमें मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया हमारा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।आगे अध्यक्ष सोमेश शोरी ने कहा की जब हम स्वच्छता के प्रति जागरूक होंगे तब हमारा देश स्वच्छ बनेगा! । इस कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष रुपेश नायक, सीएमओ संतोष कुमार देवांगन, भूपेंद्र दिली उप अभियंता,लेखापाल रत्न भूषण वाहने, प्रदीप यादव सफाई दरोगा, संदीप यादव, सम्मेलॉल साहू, पीताम्बर यादव, दीपक साहू, डोमन निषाद, विमल भुआर्य, रामकुमार लाटिया, चंद्रशेखर रावटे, किशोर यादव, मोहन नागवंशी एवं समस्त अधिकारी,कर्मचारी,पार्षदगण बलिराम धनकर, मातरम दास कोसरे, पल्टन भुआर्य नगर पंचायत डोंडी के सभी कर्मचारी अधिकारी गण, जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।


## कार्यालय कलेक्टर, जिला- बीजापुर, छत्तीसगढ़

### अल्पकालिक प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

(जिला निर्माण समिति)

निविदा क्र./49 — बीजापुर, दिनांक 03/10/2023

कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर से जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत स्वीकृत निम्नांकित कार्य को जिला निर्माण समिति के माध्यम से छ.ग.रा.वि.वि.कं.मर्या. रायपुर छत्तीसगढ़ में वर्ष 2020-21 से प्रचलित एस.ओ.आर. (विद्युत कार्य के लिए) दर प्रतिशत दर के आधार पर छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मण्डल (विद्युत) में ए-श्रेणी में लाईसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित रायपुर से पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र | कार्य का नाम | कार्य की अनुमा. लागत राशि रू. (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत चंदूर के ग्राम चंदुर एवं दुधेड़ा विकासखण्ड भोपालपटनम के कुल 12 नग कृषकों को कृषि कार्य करने के लिए विद्युत लाईन विस्तार कार्य एवं विद्युत कनेक्शन शुल्क | 27.188 | 20300.00 |

**महत्वपूर्ण निर्देश:-**

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | - 12/10/2023 सायं 5.00 बजे तक |
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | -19/10/2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की अंतिम तिथि | -19/10/ 2023 अपरान्ह 3.30 बजे तक |
| टेंडर फार्म का मूल्य | - 1500.00 प्रति फार्म |
| कार्य पूर्ण करने की समय सीमा | -2 माह |
| ठेकेदारों की श्रेणी | -सक्षम ए-श्रेणी |

निविदा प्रपत्र कलेक्टर कार्यालय जिला निर्माण समिति शाखा बीजापुर में आवेदन के साथ ऊपर दर्शाये अनुसार निविदा प्रपत्र के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट, चेक एवं नगद जो कि कलेक्टर बीजापुर के नाम से एवं बीजापुर में देय हो (जो वापसी योग्य नहीं है)।

**टीप:- निर्माण के संबंध में अन्य आवश्यक विशेष नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल में या वेबसाईट www.bijapur.gov.in पर उपलब्ध है।**

जी-05875/3 — कलेक्टर जिला बीजापुर

## एक नजर

### परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना जरूरी

**रायपुर 4 अक्टूबर।** हर व्यक्ति के लिए उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना महत्वपूर्ण विषय है और इसलिए, एक बेहतर जीवन बीमा कंपनी का चयन करने में सबसे प्रमुख कारकों में से एक उसके क्लेम सेटलमेंट अनुपात के मूल्यांकन को माना जाता है। यह अनुपात आपको कुल क्लेम्स की तुलना में कंपनी द्वारा भुगतान किए गए इंश्योरेंस क्लेम्स के प्रतिशत से अवगत कराता है। इस संख्या को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जो कि क्लेम्स का भुगतान करने में कंपनी की विश्वसनीयता को प्रदर्शित करती है। चलिए, वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों के नवीनतम क्लेम सेटलमेंट के अनुपात पर एक नज़र डालते हैं।

### धर्म या भगवान के नाम पर वोट न मांगें

**रायपुर 4 अक्टूबर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्शद रमेश आहूजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंह चावला ने एक बयान में कहा कि सभी राजनैतिक दलों से अपील है कि भगवान के नाम पर या धर्म के नाम पर जनता को कसम दिलाकर वोट न मांगे । केवल अपनी पार्टी द्वारा किये गये कार्यो के आधार पर वोट मांगे, वर्ना चुनाव आयोग को इसकी शिकायत की जायेगी । यह बयान हम इसलिए दे रहे क्योंकि म0प्र0 के इंदौर जिले में सांवेर विधानसभा में म0प्र0 के मंत्री श्री तुलसी सिलावट के बेटे ने एक सभा में महिलाओं को भगवान की कसम दिलाकर वोट मांगे है। इस घटना की पुनरावृत्ति न हो इसलिए हम यह अपील सभी दलों से कर रहे है ।

### उच्च शिक्षा के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाने का संकल्प




**रायपुर 4 अक्टूबर।** विप्रो कंज्यूमर केयर एंड लाइटिंग ने विप्रो केयर्स के साथ साझेदारी में संतूर स्कॉलरशिप प्रोग्राम के सातवें संस्करण की घोषणा की है। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम उन युवा महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो वंचित परिवारों से आती हैं और 12वीं कक्षा के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा रखती हैं। चार राज्यों की महिलाएँ इस प्रोग्राम का लाभ ले सकेंगी, जिनमें कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ शामिल है।नवीनतम रिपोर्ट्स के अनुसार, देश में महिलाओं (18-21 वर्ष) के लिए सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 27.3% है। उक्त आँकड़ा इस बात पर प्रकाश डालता है कि संतूर स्कॉलरशिप प्रोग्राम जैसी सार्थक पहलों की हमारे देश में तत्काल आवश्यकता है। विशेष रूप से वंचित समुदायों और वंचित अल्पसंख्यक समूहों की युवा महिलाओं के बीच कम सकल नामांकन अनुपात बेहद चिंताजनक विषय है, जो कि सिर्फ 8% है।

### मनोज चेलानी छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष

**रायपुर, 4 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ मेंअसिस्टेड रिप्रोडक्शन के क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ क्योंकि डॉ. मनोज चेलानी ने आईएसएआर सीजी चैप्टर के अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। स्थापना समारोह एक भव्य आयोजन था जिसमें आईएसएआर की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नंदिता पालशेतकर, सम्मानित अतिथि, गणमान्य व्यक्ति और चिकित्सा समुदाय के प्रमुख सदस्य शामिल हुए। इसने परंपरा और आधुनिकता का एक जीवंत मिश्रण प्रदर्शित किया, जो क्षेत्र में सहायक प्रजनन के विज्ञान और अभ्यास को आगे बढ़ाने के लिए आईएसएआर सीजी चैप्टर की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### हत्या के आरोपी युवक को आजीवन कारावास

**रायपुर, 4 अक्टूबर।** मजदूरी के पैसों को लेकर पड़ोसी की हत्या करने वाले युवक को आजीवन कारावास से दंडित किया गया है. घटना में शामिल उसकी मां को संदेह लाभ के चलते दोषमुक्त कर दिया गया है.

अपर लोक अभियोजक राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि चंगोराभाठा के बीएसयूपी कॉलोनी निवासी संगीता साहू अपने पति ओमप्रकाश के साथ पुत्र को ढूंढने के लिए 15 मार्च 2021 को निकली थी. इसी दौरान रात करीब 8 बजे पड़ोस में रहने वाले करण उर्फ रजत डेकाटे (19 वर्ष) से अपने पुत्र के संबंध में पूछताछ की. साथ ही उसे मजदूरी कराने के बाद भी पैसा नहीं देने का आरोप लगाया. इसी दौरान करण ने धारदार चाकू से ओमप्रकाश पर हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद डीडी नगर पुलिस ने करण और उसकी मां चंद्रिका डेकाटे को गिरफ्तार किया. वहीं प्रकरण की जांच करने के बाद कोर्ट में केस डायरी पेश की. वहीं सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा 12 गवाह और साक्ष्य प्रस्तुत किया गया. चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने केस डायरी, गवाहों के बयान और साक्ष्य के आधार पर करण को आजीवन कारावास से दंडित किया।

# कौशल्या माता विहार के ले-आउट को मंजूरी

**रायपुर, 4 अक्टूबर।** रायपुर विकास प्राधिकरण की कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजना के अभिन्यास (आर-8) संशोधन के उपरांत 182 व्यावासायिक भूखंड विक्रय के लिए उपलब्ध हो गए हैं।

छत्तीसगढ़ शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने इसका अनुमोदन कर दिया है, इसके उपरांत अब कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रायपुर व्दारा इसी सप्ताह इसकी स्वीकृति मिलते ही निविदा के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी। रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू व्दारा दी गई जानकारी के अनुसार योजना के लेआऊट में संशोधन (आर-8) के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया था जिसमें काफी विचार विमर्श के बाद राज्य शासन ने 29 सितंबर 2023 को इसकी स्वीकृति प्रदान की गई है। प्राधिकरण के सीईओ साहू के अनुसार आर-8 में बिजनेस के 457 से 58,752 वर्गफुट आकार तक के भूखंड उपलब्ध होगें। कौशल्या माता विहार के सेक्टर 2, 4, 6, 8ए,10 में 170 भूखंड उपलब्ध हुए हैं। निविदा के माध्यम से इसके विकय की ऑफसेट दर रुपए 3300 प्रति वर्गफुट होगी। सेक्टर 11ए में 11 भूखंड उपलब्ध हुए है जिसकी ऑफसेट दर रुपए 2707 प्रति वर्गफुट तथा सेक्टर 11ए में ही सबसे बड़ा व्यावसायिक भूखंड जिसका क्षेत्रफल 58752 वर्गफुट है इसकी ऑफसेट दर रुपए 2494 वर्गफुट होगी तथा इसका भूउपयोग व्यावसायिक के साथ सार्वजनिक-अर्ध्द सार्वजनिक रखा गया है। रायपुर विकास प्राधिकरण व्दारा इन सभी व्यावसायिक भूखंडों का विक्रय निविदा आमंत्रित कर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजना के अभिन्यास (आर-8) को संशोधित करने से पूर्व राज्य शासन व्दारा नियमानुसार 22 मई 2023 को स्थानीय सर्किट हाऊस में जनसुनवाई की गई थी तथा प्राप्त आपत्तियों का निराकरण करते हुए अभिन्यास को स्वीकृति दी गई है।

### पोस्टर का विमोचन




रायपुर 4 अक्टूबर। युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई ने पैसे के विरूद्ध पसीने की लड़ाई, 35 वर्षो से अधूरे मूल विकास की लड़ाई तथा पुरखा, धरोहर और संस्कृति का मान बढ़ाने की लड़ाई के लिए आज पुराने कांग्रेस भवन, गांधी मैदान में पोस्टर का विमोचन किया। इस अभियान को रायपुर दक्षिण संकल्प यात्रा का नाम दिया गया है। यह एक कदम रायपुर दक्षिण में परिवर्तन का है।

## महामाया और काली मंदिर में नवरात्र की तैयारी शुरू

**रायपुर, 4 अक्टूबर ।** राजधानी रायपुर सहित पूरे देश में नौ दिनों तक शारदीय नवरात्रि की धूम रहेगी. माहौल पूरी तरह से भक्तिमय रहेगा. साल 2023 में नवरात्रि की शुरुआत 15 अक्टूबर से हो रही है जो 23 अक्टूबर तक चलेगी. रायपुर के महामाया मंदिर, काली मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई है. मंदिरों की साफ-सफाई, रंग रोगन, ज्योति कलश के साथ ही तमाम तरह की तैयारियां शुरू हो गई है.

महामाया देवी मंदिर में ऐसी हो रही तैयारीः सिद्ध पीठ मां महामाया देवी मंदिर में नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां जोर शोर से की जा रही है. मंदिर की साफ-सफाई, लिपाई पुताई, रंग रोगन के साथ ही ज्योति कलश की रसीद भी काटी जा रही है. ज्योति कलश जलाए जाने वाले कक्षों की भी साफ सफाई की जा रही है.दीपक प्रज्वलित करने के साथ ही भोग भंडारा और श्रृंगार के लिए भी रसीद भक्तों को दिए जा रहे हैं.

महामाया मंदिर में तेल के ज्योति कलश ही प्रज्वलित किए जाते हैं. पिछले साल की तरह इस साल भी ज्योति कलश की राशि भक्तों से 700 रुपये ही ली जा रही है. सिद्धपीठ मां महामाया मंदिर में इस साल पिछले साल की तरह लगभग 11,000 ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाने की संभावना है.।

# मैं पार्टी के निर्णयों से बंधा: सुंदरानी

## सुशील आनंद ने कहा- पूरी तरह से बेलगाम हो गई है भाजपा

**रायपुर 4 अक्टूबर।** भाजपा की सोशल मीडिया पर वायरल हो रही प्रत्याशियों की सूची को लेकर सिंधी समाज की नाराजगी पर भाजपा नेता श्रीचंद सुंदरानी ने अहम बात कही है. उन्होंने कहा कि समाज अपना काम करती है. मैं भाजपा के निर्णयों से बंधा हूं. पार्टी जो आदेश करेगी उसका मैं पालन करूंगा.

पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर श्रीचंद सुंदरानी ने कहा कि पीएम मोदी से कांग्रेस मुकाबला करना चाहती है. पीएम के बाद राहुल, प्रियंका या खरगे छत्तीसगढ़ आते हैं. तीनों मिलकर पूरी ताकत लगा लें तो भी मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते. वे जनता के नेता हैं.

सोशल मीडिया में भाजपा की वायरल सूची को लेकर श्रीचंद सुंदरानी ने कहा कि मैं छोटा कार्यकर्ता हूं, मुझे इसकी जानकारी नहीं है. वैसे भी वायरल सूची भाजपा की अधिकृत सूची नहीं लग रही है. वहीं कांग्रेस की सूची को लेकर श्रीचंद सुंदरानी ने कहा कि हमेशा की तरह आखिरी में कांग्रेस की सूची आएगी. कई बार कांग्रेस की सूची ऐसी आती हैं कि उनके दावेदार निर्दलीय चुनाव लड़ते हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा की सूची कभी भी आ सकती है. कांग्रेस बैठक पर बैठक करती जा रही है. टीएस बाबा ने 3 या 4 नाम तय होने की बात की, लेकिन वे अब तक नाम तय नहीं कर पाए. आपके 10 नाम भी तय हैं, तो सूची जारी कीजिए, फिर



देखिए प्रदेश में कैसे बवाल मचता है. कांग्रेस के दावेदार बागी हो जाएंगे.

वहीं बीजेपी की वायरल सूची पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि एक कहावत हैं सूत न कपास और जुलाहे से लट्ठम लट्ठा. बीजेपी बोलती हैं कि हमने अभी कोई अधिकृत सूची जारी नहीं की है. उनकी सूची पूरी मीडिया में वायरल हो रही है. उन्होंने कहा कि सूची के जारी होने के बाद जिस प्रकार की प्रतिक्रिया बाहर आ रही हैं, भाजपाई एक दूसरे के कपड़ा पढने में उतारू हो गए हैं, पुतले दहन किए जा रहे हैं, पोस्टर में कालिख पोती जा रही है. ये बीजेपी की हकीकत है. बीजेपी पूरी तरह से बेलगाम हो गई हैं. इनके नेताओं का कार्यकर्ता पर नियंत्रण नहीं है।

# ड्रग्स और नशीली दवाइयां जब्त,दो गिरफ्तार

**रायपुर 4 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नशे की तस्करी का खुला खेल चल रहा है। इस पर पुलिस लगातार कार्रवाई भी कर रही है। इस बीच, पुलिस ने हीरापुर इलाके में ड्रग्स और नशीली दवाइयों के साथ तस्करी करते दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन तस्कारों के पास से 570 नशीली टेबलेट और 60 ग्राम हेरोइन जब्त किया गया है। आरोपियों ने हेरोइन पंजाब और नशीली टेबलेट ओडिशा से खरीदी थी। पुलिस नशीली दवाइयां और ड्रग्स सप्लाई करने वाले की तलाश कर रही है।

दरअसल, विधानसभा चुनाव से पहले पुलिस ने सीमाओं पर सख्ती भी बढ़ा दी है। पुलिस ने बताया कि पंजाब के कुलविंदर सिंह और हीरापुर का निशानजी सिंह दोनों रिश्तेदार है। कुलविंदर पंजाब से हेरोइन लेकर आया था। उसने ओडिशा के तस्कर से नशीली दवाइयां भी मांगी। आरोपी उसे हीरापुर और टाटीबंध के पास ट्रक ड्राइवरों को बेच रहे थे। मुखबिर की सूचना में पुलिस ने छापा मारकर दोनों को पकड़ लिया।

**10 दिन पहले ही इसी जगह पकड़े गए थे 2 तस्कर** : इससे 10 दिन पहले भी पुलिस ने हीरापुर इलाके में दो तस्करों को इसी जगह पर पकड़ा था। एक माह पहले भी दो तस्कर पकड़े गए थे। हालांकि पुलिस अब तक सिर्फ तस्करों पर कार्रवाई करते आ रही है। नशीला पदार्थ सप्लाई करने वालों तक पहुंच नहीं पाई है, जो दूसरे राज्य में बैठकर नशे का नेटवर्क चला रहे हैं।

# गांधी जयंती पर हुए कई कार्यक्रम

**रायपुर 4 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ की सामाजिक संस्था शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस और गांधी जयंती के पावन अवसर पर वरिष्ठ जनों के लिए बापू की कुटिया कलेक्टर परिसर गार्डन में आयोजन किया जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी को माल्यार्पण कर उनका नमन किया साथ ही वरिष्ठ जनों के लिए स्वास्थ्य जांच चेकअप भी कराया गया जिसमें लगभग 200 से अधिक वरिष्ठ जनों ने अपने स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच कराई चेक अप प्रसिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक डॉ अनुश्री पाठक और उनकी टीम ने किया जिसमें रक्तचाप और अन्य जांच की गई इस विशेष अवसर पर शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के सदस्य देवाशीष द्वारा पाथ कांइड लैब के सहयोग से सभी वरिष्ठ जनों का कोलेस्ट्रॉल शुगर और थाइराइड बीपी और अन्य जांच निःशुल्क कराया गया संस्था द्वारा वरिष्ठ जनों के मनोरंजन के लिए कुछ प्रतियोगिताएं भी रखी गई , वरिष्ठजनों को स्मृति स्वरूप पौधे उपहार में दिए गए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हेमचंद विश्वविद्यालय की कुलपति अरुणा पलटा और समाजसेवी श्रीमती शकुंतला देवी थी । इस अवसर पर रोटरी क्लब ग्रेटर के अध्यक्ष अजय तिवारी व विनय अग्रवाल ,पाथ कांइड सर्वेश तिवारीऔर डॉ अनुश्री पाठक का , सम्मान किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में शकुंतला फाउंडेशन की अध्यक्ष स्मिता सिंह हासी बनर्जी , गोविन्द अग्रवाल, महेश दुबे , पदमा घोष कमल जैन सुषमा बग्गा माया तिवारी ,सोनल राजेश शर्मा , अपर्णा यादवी सावी देवांगन , सरिता गौर ज्योति तलमले आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# राजधानी में लावारिस मिला अंग्रेजी शराब का जखीरा

**रायपुर,4 अक्टूबर।** पुलिस ने शहर में लावारिस पड़े अंग्रेजी शराब का जखीरा जब्त किया. अज्ञात आरोपी द्वारा अंग्रेजी शराब को अवैध रूप से डंप कराया गया था. पुलिस ने कुल 20 पेटी शराब जब्त की है. जिसकी अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है. फिलहाल अज्ञात आरोपी के खिलाफ राखी थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है. एसएसपी प्रशांत अग्रवाल द्वारा शासन की मंशानुसार सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राइम एवं साइबर यूनिट को अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने




वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है. जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों और प्रभारी ए.सी.सी.यू. सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है.

इसी कड़ी में एण्टी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि थाना राखी क्षेत्रांतर्गत ग्राम खण्डवा पास किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लावारिस हालत में शराब रखा गया है. जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नीरज चंद्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध पिताम्बर पटेल और नगर पुलिस अधीक्षक अटल नगर नवा रायपुर जितेन्द्र चन्द्रकार द्वारा प्रभारी एण्टी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट और थाना प्रभारी राखी को सूचना की तस्दीक कर आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया गया. जिस पर संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त स्थान जाकर देखने पर पाया गया कि रोड किनारे अंग्रेजी शराब की कई पेटियां लावारिस हालत में रखी हुई है.

जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा लावारिस हालत में रखे अंग्रेजी शराब कुल 20 पेटी 960 जप्त कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना राखी में आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. अज्ञात आरोपी की तलाश जारी है।

## जमीन बेचने के नाम पर 54 लाख की धोखाधड़ी

**रायपुर, 4 अक्टूबर ।** दूसरे की जमीन को अपना बताकर 54 लाख रूपए एडवांस लेकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों के खिलाफ मौदहापारा थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी प्रार्थी अनिल कुमार अग्रवाल पिता चंद्रसेन अग्रवाल 54 वर्ष ने शिकायत दर्ज कराया कि आरोपी शईद खान पिता हातिम खान, नफीस बेगम एवं प्रकाश कोडवानी ने दूसरे की जमीन को अपना बताकर प्रार्थी से बिक्री का सौदा तय करते हुए 54 लाख रूपए बयाना ले लिया। प्रार्थी ने जब उक्त संपत्ति की सर्च कराई तो पता चला कि उक्त संपत्ति किसी अन्य के नाम पर है। इस पर प्रार्थी ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

# अग्रसेन जयंती पर रक्तदान पखवाड़ा

**रायपुर 4 अक्टूबर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई, अग्रवाल सभा रायपुर, एमएमआई हॉस्पिटल रायपुर, एवं टाटीबंध मोहल्ला समिति के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सम्मेलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल एवं राष्ट्रीय मंत्री परमानंद जैन ने बताया कि पूरे भारत में सम्मेलन द्वारा अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर रक्तदान पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है जिसके तहत छत्तीसगढ़ में पूरे प्रदेश में 50 से अधिक एवं रायपुर संभाग में 16 स्थान पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रथम बिल्हा में 49 यूनिट एवं रायपुर टाटीबंध में 42 यूनिट रक्तदान किया गया



ईश्वर प्रसाद अग्रवाल ने कहा रक्तदान एक महादान है जो इंसान को जिंदगी प्रदान करती है। इसी के तहत सम्मेलन पूरे भारत में यह आयोजन रक्तदान पखवाड़ा के रूप में आयोजित कर रहा है ।रायपुर संभाग में खरोरा, बिल्हा, रायपुर के अनेक मोहल्लों ,तिल्दा भिलाई, दुर्ग, धमतरी ,बागबाहरा, देवभोग आदि स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है

आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ईश्वर प्रसाद अग्रवाल ,परमानंद जैन, किशन अग्रवाल ,मुरली अग्रवाल सतपाल जैन, रमेश चंद्र अग्रवाल, प्रमोद जैन, कर्तव्य अग्रवाल, मोहल्ला समिति से बृजमोहन अग्रवाल, नितिन अगरवाल ,सुरेश अग्रवाल, रामा सरावगी,दिलीप केडिया आदि उपस्थित थे।

## चाकू मारकर युवक को किया घायल

**रायपुर, 4 अक्टूबर ।** माना थाना क्षेत्र के ग्राम भाटापारा में कल मामूली विवाद पर एक युवक ने दूसरे युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी अश्वनी साहू पिता डेरहाराम साहू निवासी टेमरी ने शिकायत दर्ज कराया कि आरोपी लितेश साहू ने प्रार्थी के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की तथा चाकू मारकर घायल कर दिया। प्रार्थी का आरोपी के किराएदार के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, इसी विवाद के चलते गुस्साए आरोपी ने प्रार्थी पर चाकू से हमला किया।

# अंतर महाविद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन

**रायपुर 4 अक्टूबर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन बैडमिंटन(पुरुष/महिला) प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 10 सेक्टरों रायपुर, दुर्ग, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, राजनांदगांव, जगदलपुर, सरगुजा, रायगढ़, महासमुंद, के प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सी. एल. देवांगन ,अपर संचालक उच्च शिक्षा विभाग ने कहा खेल कैलेन्डर की शुरुआत इस महाविद्यालय से शुरू हो रही है।खेल हमेशा मनोरंजन के लिए खेलना




चाहिए।जो बच्चे सेक्टर में क़्वालीफाई होंगे उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। अतिथि द्वय के रूप में डॉ. विपिन शर्मा, डायरेक्टर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने कहा उच्च शिक्षा विभाग का पहला खेल आयोजन है उन्होंने विभिन्न सेक्टरों से आये प्रतिभगियों को शुभकामनाएं दी । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने स्वागत उद्बोधन में 10 सेक्टरों से आये छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि खेल को खेलभावना से खेलना चाहिए उच्च शिक्षा विभाग ने बैडमिंटन के लिए हमारे महाविद्यालय को चुना यह हमारे लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में डॉ. रामानंद यदु, समन्वयक शारीरिक शिक्षा उच्च शिक्षा विभाग एवं वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी चिन्हित महाविद्यालय ,उच्च शिक्षा विभाग से पर्यवेक्षक मीता नायक,छत्तीसगढ़ के 10 सेक्टरों से प्रतिभागी एवं क्रीड़ाधिकारी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कर्मिष्ट संभरकर, महाविद्यालय की प्राध्यापक आई. क्यू. ए. सी.प्रभारी डॉ. उषाकिरण अग्रवाल, डॉ. सविता मिश्रा,डॉ. नंदा गुरूवारा, डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ. मनीषा मिश्रा, डॉ. मनीषा महापात्र डॉ. रश्मि मिंज,डॉ. जया तिवारी ,श्रीमती चंद्रज्योति श्रीवास्तव,मंजू कोचे एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक,सहा. प्राध्यापक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कल्पना मिश्रा व आभार डॉ. शिप्रा बनर्जी ने किया।






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23